गुरुज्ञान
घमण्ड और पेट जब बढते हैं तब इंसान चाह कर भी किसी को गले लगा सकता !!

www.tripuritimes.com

# त्रिपुरी टाइम्स



tripuritimes@gmail.com

वर्ष 10 अंक 58 | जबलपुर, गुरुवार 27 मार्च 2025 | पृष्ठ संख्या : 8 | मूल्य : 2 रुपए



## पूर्व मुख्यमंत्री बघेल के सरकारी और निजी आवासों पर सीबीआई की छापेमारी

नई दिल्ली, एजेंसी। छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के रायपुर में सरकारी और भिलाई स्थित निजी आवास पर बुधवार सुबह केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) का छापा पड़ा है। सूत्रों की मानें तो महादेव सट्टेबाजी, शराब और कोयला घोटाले के मामलों से संबंध में उनसे पूछताछ की जा रही है। बताया जा रहा है कि उनके सहयोगियों के घर भी सीबीआई की टीम पहुंची है। मुख्यमंत्री रहने के दौरान भूपेश के मीडिया सलाहकार रहे विनोद वर्मा के घर भी जांच की जा रही है।






भिलाई में विधायक देवेंद्र यादव के घर भी सीबीआई की टीम पहुंची हुई है। जानकारी के अनुसार सीबीआई की चार टीमें आज सुबह रायपुर से निकली थीं। एक टीम रायपुर में पाटन विधायक भूपेश बघेल के घर पहुंची। बाकी तीन टीमें भिलाई गईं। भिलाई में पदुम नगर, सेक्टर 5 और सेक्टर 9 में दो अन्य जगहों पर भी छापे मारे गए। सीबीआई की टीमें पूरी तैयारी के साथ आई थीं। उन्होंने आते ही घरों को घेर लिया और किसी को भी अंदर-बाहर जाने नहीं दिया। घरों में मौजूद लोगों से पूछताछ की जा रही है।

महादेव सट्टेबाजी मामले में सीबीआई ने पूर्व मुख्यमंत्री श्री बघेल, विधायक देवेंद्र यादव, विनोद वर्मा, ओएसडी मनीष बंछोर, पूर्व आईएएस अनिल टुटेजा, आईपीएस आनंद छाबड़ा, आईपीएस आरिफ शेख, आईपीएस अभिषेक पल्लव, एएसपी संजय ध्रुव ,एएसपी अभिषेक माहेश्वरी और दो सिपाही नकुल-सहदेव के यहां दबिश दी गयी है। जानकारी के मुताबिक सीबीआई की 10 से अधिक टीमें 26 मार्च की तड़के रायपुर से निकली थीं। एक टीम रायपुर स्थित भूपेश बघेल के घर पहुंची। इसके बाद बाकी टीमें भूपेश बघेल के भिलाई तीन पदुम नगर स्थित घर, विधायक देवेंद्र यादव के सेक्टर 5 स्थित बंगले, आईपीएस अभिषेक पल्लव के सेक्टर 9 स्थित बंगले और उनके समय में महादेव सट्टा चलाने वाले सिपाही नकुल और सहदेव के नेहरू नगर स्थित घर पहुंचीं।

## जूस का ठेला लगाने वाले को इनकम टैक्स ने थमाया 7.79 करोड़ का नोटिस

नई दिल्ली, एजेंसी। यहां जूस का ठेला लगाने वाले मोहम्मद रईस के उस वक्त होश उड़ गए जब उन्हे आयकर विभाग ने 7.79 करोड़ रुपये के टर्नओवर पर नोटिस थमा दिया। नोटिस पाकर जूस विक्रेता मोहम्मद रईस के होश उड़ गए हैं। उसका परिवार सकते में है। उसके पैन कार्ड का इस्तेमाल करके 7.79 करोड़ रुपये की खरीद बिक्री की गई है। आयकर विभाग खंड तीन के आईटीओ नैन सिंह की ओर से उनको 7.79 करोड़ रुपये की खरीद बिक्री पर नोटिस जारी कर पूछा है कि बड़े पैमाने पर टर्न ओवर होने के बाद रिटर्न फाइनल क्यों नहीं किया गया। जबकि मो. रईस को इसके बारे में कोई जानकारी नहीं है। नोटिस जारी करने वाले अलीगढ़ आयकर विभाग खंड तीन के आईटीओ नैन सिंह ने



बताया कि आयकर विभाग के सर्वर से ही मो. रईस के पैन कार्ड पर साल 2021-22 में 7.89 करोड़ की खरीद बिक्री की जानकारी आई, जिसके बाद नोटिस जारी किया गया। मामले में दीपक शर्मा नाम का व्यक्ति भी जुड़ा है। पंजाब के एक-दो फर्म संचालकों के बयान भी दर्ज किए गए हैं, जिसमें बताया है कि दीपक शर्मा नाम का व्यक्ति उनको हर महीने 15 से 20 हजार रुपये देता है, और कार्य वह करते हैं। आयकर विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक मो. रईस के पैन कार्ड का इस्तेमाल पंजाब में विधानसभा चुनाव के दौरान किया गया। अब नोटिस मिलने के बाद परेशान जूस विक्रेता ने सीए के माध्यम से आयकर विभाग के अफसरों से नोटिस की जानकारी कराई। आयकर अफसरों ने कहा कि पैन कार्ड का नियमानुसार इस्तेमाल हुआ है और इसमें जवाब दाखिल करना होगा। नोटिसकर्ता अपने साथ धोखाधड़ी व ठगी का मुकदमा कायम कराए, जिसके आधार पर केस का निस्तारण होगा। इसके बाद मास्टर माइंड तक पहुंचने का काम किया जाएगा। फिलहाल आयकर अधिकारी मामले में विधिक प्रक्रिया अपना रहे हैं।

### ओडिशा विधानसभा से निलंबित कांग्रेस विधायकों ने रात भर दिया धरना

भुवनेश्वर, एजेंसी। ओडिशा विधानसभा से निलंबित कांग्रेस विधायकों ने कल रात विधानसभा सुरक्षा द्वारा बाहर निकाले जाने के बाद मंगलवार की मध्यरात्रि से अपने निलंबन के खिलाफ कांग्रेस भवन के पास सड़क पर धरना दिया।

निलंबित विधायक पार्टी के अन्य कार्यकताओं के साथ रात भर विरोध में सड़क पर सोये। उनका आरोप है कि सुरक्षा कर्मचारियों ने उनके साथ मारपीट की। उन्होंने दावा किया कि विधानसभा सुरक्षा कर्मियों ने उन्हें सदन के वेल से जबरन हटा दिया, जहां वे अपने निलंबन का विरोध करने के लिए धरना दे रहे थे।

कांग्रेस अध्यक्ष भक्त चरण दास और ओडिशा कांग्रेस प्रभारी अजय कुमार लल्लू, अन्य नेताओं के साथ विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए, उन्होंने राज्य सरकार पर लोकतंत्र का गला घोंटने और भाजपा शासन के पिछले नौ महीनों के दौरान राज्य में महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराधों पर चिंता जताने के लिए विपक्ष की आवाज को दबाने का आरोप लगाया।

उन्होंने कहा कि पार्टी भाजपा सरकार की ह्लतानाशाहीह्व के प्रति मूकदर्शक नहीं बनी रहेगी और इसके खिलाफ लड़ने के लिए सड़कों पर उतरने का प्रण लिया।

## 8वें वेतन आयोग का असर- 14 से 19 हजार रुपए प्रतिमाह बढ़ेगा वेतन



नई दिल्ली, एजेंसी। कहा जाता है कि सरकारी कर्मचारियों का वेतन बढ़ता है तो महंगाई भी बढ़ती है। इसका सीधा असर निजी संस्थानों में काम करने वाले 15-20 हजार रुपए महीने कमाने वाले कर्मचारियों पर ज्यादा पड़ता है। दरअसल सरकारी कर्मचारी अब 8वें वेतन से मिलने वाले वेतन का गुणाभाग करने लगे हैं तो बता दें कि एक रिपोर्ट के मुताबिक 14 से 19 हजार रुपए प्रति माह कर्मचारियों का वेतन बढ़ेगा। वित्तीय सेवा कंपनी ने अनुमान लगाया है कि इस वेतन संशोधन से लगभग 50 लाख केंद्रीय सरकारी कर्मचारियों और 65 लाख पेंशनभोगियों को लाभ होगा। 8वें वेतन आयोग का गठन अप्रैल में होने की संभावना है और इसकी सिफारिशें 2026 या 2027 तक लागू हो सकती हैं। गोल्डमैन सॉक?स ने विभिन्न बजट आवंटनों का विश्लेषण किया, ताकि संभावित वेतन वृद्धि का अनुमान लगाया जा सके। वर्तमान में एक केंद्रीय सरकारी कर्मचारी का औसत मासिक वेतन टैक?स से पहले 1 लाख रुपये है। विभिन्न बजट के आकलन के आधार पर फर्म ने संभावित वेतन वृद्धि का अनुमान लगाया है। अगर सरकार 8वें वेतन आयोग के लिए 1.75 लाख करोड़ रुपये आवंटित करती है, जिसमें से आधी राशि वेतन संशोधन और बाकी पेंशन के लिए उपयोग की जाती है, तो औसत वेतन 1,14,600 रुपये प्रति माह तक पहुंच सकता है। इसका मतलब है कि 14,600 रुपये की औसत बढ़ोतरी होगी। 2 लाख करोड़ रुपये के आवंटन के साथ वेतन 1,16,700 रुपये प्रति माह तक पहुंच सकता है। इसी तरह, अगर आवंटन 2.25 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचता है, तो औसत वेतन 1,18,800 रुपये प्रति माह तक बढ़ सकता है। इसका मतलब है कि करीब 19 हजार रुपये की बढ़ोतरी हो सकती है। साल 2016 में लागू किए गए 7वें वेतन आयोग के तहत सरकार को 1.02 लाख करोड़ रुपये का खर्चा दिया गया था। हालांकि, संशोधित वेतन और पेंशन जनवरी 2016 से प्रभावी माने गए, लेकिन इन्हें आधिकारिक रूप से जुलाई 2016 में लागू किया गया, जिससे वित्तीय वर्ष 2016-17 पर असर पड़ा। इसी अनुमान को पकड़कर चलें तो इस बार सॉक?स ने जो अनुमान लगाया है, बढ़ोतरी कमोबेश इसी के आसपास होने की संभावना है। 8वें वेतन आयोग के गठन के बाद यह विभिन्न हितधारकों के साथ मिलकर वेतन और पेंशन संशोधन के फिटमेंट फैक्टर और अन्य पहलुओं पर निर्णय लेगा। कर्मचारी संघों ने संकेत दिया है कि वे 2.57 या उससे अधिक के फिटमेंट फैक्टर की मांग कर सकते हैं, जैसा कि 7वें वेतन आयोग के तहत अनुशंसित था।

### दक्षिण कोरिया के दक्षिण-पूर्वी क्षेत्र में जंगल की आग में मरने वालों की संख्या बढ़कर 18 हुयी

नई दिल्ली, एजेंसी। दक्षिण कोरिया के दक्षिण-पूर्वी क्षेत्र में घातक जंगल की आग के कारण मरने वालों की संख्या बढ़कर 18 हो गई है, जबकि 19 अन्य घायल हो गए हैं। बुधवार को एकत्र किये गये सरकारी आकड़ों में यह जानकारी सामने आयी है। केंद्रीय आपदा और सुरक्षा प्रतिवाद मुख्यालय के अनुसार पिछले शुक्रवार से छह क्षेत्रों में विशेष रूप से ग्योंगसांग



प्रांत में मध्यम और बड़ी जंगल की आग भड़की है, जिससे कम से कम 17,534 हेक्टेयर भूमि प्रभावित हुई है। अग्निशामक दल तेज और शुष्क हवाओं के कारण तेजी से फैल रही आग को काबू करने के लिए संघर्ष कर रहे थे। घायलों में से छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घरों, कारखानों और सांस्कृतिक संपत्तियों जैसे प्रभावित भवनों और संरचनाओं की संख्या बढ़कर 209 हो गई, जबकि 26,000 से अधिक लोगों को निकाला जाना बाकी है। देश की वन सेवा ने जंगल की आग के खतरे को लेकर अलर्ट को उच्चतम स्तर पर बढ़ा दिया है, जबकि हजारों अग्निशमन कर्मियों के साथ-साथ हेलीकॉप्टर और वाहनों को जंगल की आग से निपटने के लिए तैनात किया गया है। सेना ने भी आग से लड़ने में मदद के लिए सेवा सदस्यों और हेलीकॉप्टरों को तैनात किया है।

## उच्च न्यायालयों में 78 प्रतिशत जज सवर्ण तो 12 फीसदी ओबीसी जाति से बनाए गए

नई दिल्ली, एजेंसी। कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने पिछले हफ्ते संसद को सूचित किया कि 2018 से अब तक यानी पिछले सात वर्षों में देश की विभिन्न उच्च न्यायालयों में 78 प्रतिशत जज सवर्ण जाति से बनाए गए हैं। उन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अल्पसंख्यकों का प्रतिनिधित्व केवल 5 प्रतिशत रहा। वहीं करीब 12 प्रतिशत जज अन्य पिछड़ा वर्ग से बनाए गए हैं। उच्च न्यायालयों में जजों की नियुक्तियों को लेकर पूछे गए सवालों का जवाब देते हुए संसद में कानून मंत्री ने ये जानकारी दी।

लोकसभा में राजद के सांसद मनोज झा द्वारा इस मुद्दे पर पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए विधि मंत्री ने बताया कि 2018 से लेकर अब तक देश के विभिन्न हाईकोर्ट के लिए नियुक्त किए गए 715 जजों में से केवल 22 एससी श्रेणी से आते हैं। वहीं, 16 एसटी और 89 ओबीसी श्रेणी से आते हैं। इस दौरान 37 अल्पसंख्यकों को भी जज बनाया गया। विधि मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने यह भी स्पष्ट किया कि सरकार न्यायपालिका में सामाजिक विविधता बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि 2018 से हाईकोर्ट में जजों के लिए जो सिफारिश की जाती है उसमें उम्मीदवारों से उनकी सामाजिक पृष्ठभूमि के बारे में जानकारी देने का आग्रह किया जाता है।

विधि मंत्री ने यह भी बताया कि सरकार उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीशों से यह अनुरोध करती है कि वे जजों के पद के लिए सिफारिश करते समय एससी, एसटी, ओबीसी, अल्पसंख्यक समुदायों और महिलाओं को उचित प्रतिनिधित्व देने पर ध्यान दें, ताकि सामाजिक विविधता सुनिश्चित की जा सके।विधि मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने जवाब में कहा कि उच्च न्यायालयों और सर्वोच्च न्यायालय में जजों की नियुक्ति का प्रावधान संविधान के अनुच्छेद 124, 217 और 224 के तहत किया गया है। इनमें किसी भी जाति या वर्ग के लिए आरक्षण का प्रावधान नहीं है।

## वृक्षों की कटाई से खफा सुप्रीम कोर्ट ने प्रति वृक्ष पर लगाया एक लाख का जुमार्ना



नई दिल्ली, एजेंसी। सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश स्थित ताज ट्रैपेज़ियम जोन में अवैध तरीके से पेड़ों की कटाई के मामले में नाराजगी जाहिर की है। कोर्ट ने कहा कि पेड़ों की कटाई मानव हत्या से भी बड़ा पाप है, इसलिए एक कारोबारी पर हर पेड़ के बदले एक लाख रुपये का जुमार्ना लगाया। इस व्यापारी पर कुल 454 पेड़ काटने का आरोप है। इस हिसाब से उसे 4 करोड़ 54 लाख रुपये की कुल रकम बतौर जुमार्ना देनी होगी। जस्टिस अभय एस. ओका और जस्टिस उज्जल भुइयां की बेंच ने कहा, बिना अनुमति के 454 पेड़ काटना निंदनीय है। इस हरित क्षेत्र को फिर से बनाने में कम से कम 100 साल लगेंगे। यह 2015 से लागू कोर्ट के प्रतिबंध का खुला उल्लंघन है। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वालों के खिलाफ सख्ती से निपटा जाएगा। केंद्रीय सशक्त समिति (सीईसी) की रिपोर्ट के अनुसार पिछले साल 18 सितंबर की रात को वृंदावन चटीकारा रोड पर डालमिया फार्म नामक निजी जमीन पर 422 पेड़ और उससे सटी सड़क किनारे संरक्षित वन क्षेत्र में 32 पेड़ अवैध रूप से काटे गए। कोर्ट ने इस रिपोर्ट को चौंकाने वाला और न्यायालय के आदेश का खुला उल्लंघन करार दिया। कंपनी के मालिक शिव शंकर अग्रवाल ने कोर्ट में दलील दी कि जुमार्ने की राशि कम किया जाए। कहा गया कि मैं गलती को स्वीकारता हूं और माफी मांगता हूं। उसी जमीन पर नहीं, बल्कि पास के क्षेत्र में पौधरोपण की अनुमति दी जाए। कोर्ट ने जुमार्ना कम करने से इनकार कर दिया, हालाँकि पास के क्षेत्र में पौधरोपण की अनुमति दे दी। पेश मामले में कोर्ट ने सीईसी की सिफारिशों को स्वीकार किया, जिसमें प्रत्येक पेड़ के लिए 1 लाख रुपये का जुमार्ना लगाने की बात कही गई थी। समिति ने सुझाव दिया कि वन विभाग को यूपी प्रोटेक्शन ऑफ ट्रीज एक्ट, 1976 के तहत जुमार्ना वसूलना चाहिए और संरक्षित वन में काटे गए 32 पेड़ों के लिए इंडियन फॉरेस्ट एक्ट, 1972 के तहत कार्रवाई करनी चाहिए।

## सोशल मीडिया पर वायरल हुआ नीला ड्रम, मर्दों में खौफ का माहौल

नई दिल्ली, एजेंसी। इस वक्त भारत में मेरठ हत्याकांड की काफी चर्चा हो रही है। सौरभ और मुस्कान ने लव मैरिज की थी। दोनों की एक बेटी भी थी। लेकिन कुछ समय बाद मुस्कान को साहिल नाम के शख्स से प्यार हो गया। मुस्कान ने साहिल के साथ मिलकर अपने पति को बेरहमी से मार दिया। इसके बाद शव को ब्लू रंग के ड्रम में भरकर उसमें सीमेंट का घोल डाल दिया। इससे पहले शव को कई टुकड़े में भी काट दिया था। इस खबर की जितनी चर्चा हो रही है, उससे ज्यादा चर्चा में ये नीले रंग का ड्रम। सोशल मीडिया पर इस ड्रम के कई वीडियो शेयर किये जा रहे हैं।

जब से मेरठ हत्याकांड सामने आया है, तब से सोशल मीडिया पर नीले ड्रम की खूब चर्चा है। कई रील इस ड्रम पर शेयर किए जा चुके हैं। कई कंटेंट क्रिएटर्स ने इस नीले ड्रम को दिखाते हए वीडियो बनाया है जिसमें इसे देखते ही लोगों के होश उड़ रहे हैं। हालांकि, इस बेहद संगीन जुर्म में लोग जिस तरह से फनी कंटेंट बना रहे हैं, उसे देखकर कई ने इसे गलत ठहराया। कई के मुताबिक, अगर इस ड्रम में पति की जगह पत्नी की लाश मिली होती तो ऐसे फनी कंटेंट नहीं बनाए जाते।

जब से ये मामला सामने आया है, तब से इस मामले में हर दिन नए-नए ट्विस्ट आ रहे हैं। कभी इसे ब्लैक मैजिक से जोड़ा जा रहा है तो कभी लव बर्ड्स के मर्डर के बाद के रोमांस की चर्चा हो रही है। लोग बेहद हैरान हैं कि जब लव मैरिज का ऐसा अंजाम हो सकता है तो फिर अरेंज मैरिज की तो बात ही छोड़ दीजिये।

## मंत्री राजन्ना ने हनी ट्रैप मामले में गृह मंत्री के समक्ष की याचिका दायर

नई दिल्ली, एजेंसी। कर्नाटक के सहकारिता मंत्री केएन राजन्ना ने मंगलवार को गृह मंत्री डॉ. जी परमेश्वर के समक्ष औपचारिक रूप से एक याचिका दायर की। जिसमें विभिन्न दलों के नेताओं को हनी ट्रैप में फंसाने में कथित रूप से शामिल व्यक्तियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की गई।

यह याचिका उन्होंने हाल ही में राज्य विधानसभा में दिए गए अपने खुलासे के बाद दायर की है, जिसमें उन्होंने कहा था कि उन्हें और 48 अन्य राजनीतिक पदाधिकारियों को इस तरह के प्रयासों में निशाना बनाया गया था। विधानसभा में दिए गए अपने बयान को स्पष्ट करते हुए राजन्ना ने इस बात से इनकार किया कि उन्होंने इस बात का उल्लेख किया था कि प्रभावित लोगों में न्यायाधीश भी शामिल थे। डॉ. परमेश्वर के साथ एक संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने एक घटना का जिक्र किया, जिसमें एक



महिला, जो खुद को वकील बताती थी, एक पुरुष सहयोगी के साथ दो बार उनके बेंगलुरु कार्यालय में आई थी। उन्होंने कहा, ह्लमुझे उसका नाम याद नहीं है, लेकिन अगर उसे मेरे सामने लाया जाए, तो मैं उसे पहचान सकता हूं।ह्व उन्होंने यह भी कहा कि उनके आवास पर सीसीटीवी कैमरे नहीं हैं। औपचारिक शिकायत प्रस्तुत होने के बाद उच्च स्तरीय जांच के विधानसभा में पहले दिए गए आश्वासन के बावजूद, डॉ. परमेश्वर ने मंगलवार को प्रक्रियागत बाधाओं का हवाला देते हुए कोई प्रतिबद्धता नहीं दिखाई तथा कहा कि चूंकि मामला विधानसभा में उठाया गया था, इसलिए कोई भी कार्रवाई करने से पहले अध्यक्ष यूटी खादर का निर्देश आवश्यक था।

# सहकारिता आंदोलन को आगामी 4 वर्ष में नए मुकाम पर पहुंचाएंगे : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## दूध पर बोनस देने के साथ ही अन्य क्षेत्रों की सहकारी संस्थाओं के सदस्यों को करेंगे लाभान्वित : अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 अन्तर्गत हुआ राज्य स्तरीय सम्मेलन

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश सरकार सर्वजनकल्याण के संकल्पों के साथ कार्य कर रही है। वर्तमान में पंचायत से लेकर मंत्रालय तक पारदर्शितापूर्ण कार्य शैली के कारण अन्य क्षेत्रों के साथ सहकारी क्षेत्र में समृद्ध हुआ है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय सहकारिता एवं गृह मंत्री श्री अमित शाह ने सहकारिता का लाभ पहुंचाने के लिये बहुजन हिताय-बहुजन सुखाय के भाव के अनुसार कार्य करने के लिए मार्गदर्शन दिया है। मध्यप्रदेश सहकारिता के क्षेत्र में निश्चित ही नए दौर की नई कहानी लिखेगा। गुजरात में दूध पर बोनस की जिस तरह व्यवस्था है, मध्यप्रदेश भी इस दिशा में आगे बढ़ रहा है। इसके साथ ही मध्यप्रदेश में मत्स्य पालन के लिए काफी बड़ा क्षेत्र है और हाल ही में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में भी उद्योग क्षेत्र के साथ सहकारिता ने कार्य करने की पहल की है। मध्यप्रदेश में सहकारिता आंदोलन को गति दी जा रही है। अब सहकारिता क्षेत्र में व्यवस्थाएं काफी पारदर्शी हैं और मध्यप्रदेश में सहकारिता के विभिन्न आयामों पर कार्य किया जाएगा। आने वाले चार वर्ष में सहकारिता आंदोलन को नए मुकाम पर पहुंचाया जाएगा।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बुधवार को समन्वय भवन में अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष-2025 के राज्य स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सम्मेलन में पधारे प्रदेश भर के प्रतिभागियों का स्वागत किया। उन्होंने सहकारिता विभाग में नवनियुक्त सहकारी निरीक्षकों के नियुक्ति पत्र भी सौंपे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सहकारिता विभाग के प्रयासों की सराहना की।

**भारत में प्रचलित व्यवस्थाओं से सीखते हैं अन्य देश :** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारत में सहकारिता का इतिहास पुराना है। भारत में वर्षों पूर्व अश्वमेघ यज्ञ की परंपरा रही थी। लेकिन भारत ने किसी राष्ट्र पर कब्जा नहीं किया। छोटे-छोटे राज्यों की स्वायत्तता को खत्म नहीं होने दिया बल्कि उन्हें साथ लेकर कार्य किया और उनके स्वावलंबन को भी जीवंत रखा। सच्चे अर्थों में संयुक्त राष्ट्र संघ की भावना का पालन करने वाला कोई राष्ट्र है तो वह भारत है। जब यह कहा जाता है सर्वे भवन्तु सुखिनः, सर्वे सन्तु निरामयाः ....तो इसका अर्थ है सभी को परस्पर जोड़ना और अपने लाभ में उन्हें सहभागी बनाना। यह वसुधैव कुटुम्बकम जैसे वेद वाक्य का लघु रूप है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने विश्व में भारत की गरिमा बढ़ाने का कार्य किया है।

### प्रधानमंत्री श्री मोदी की भावना के अनुरूप मध्यप्रदेश में होगा कार्य

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने सहकारिता के मूल भाव के अनुरूप बहुउद्देशीय सहकारी समितियों की कल्पना की। इसे साकार करने के लिए सहकारिता का दायित्व केंद्रीय मंत्री श्री अमित शाह को दिया गया। केंद्र सरकार ने सहकारिता में सभी के कल्याण का ध्यान रखा है। मध्यप्रदेश में भी इसी तर्ज पर कार्य हो रहा है। सहकारिता अधिनियम में परिवर्तन के फलस्वरूप सोसायटी के रजिस्ट्रेशन का कार्य 30 दिन में संभव होगा। पूर्व में यह अवधि 90 दिवस थी। पूर्व की व्यवस्था में अनेक कठिनाईयों को सामना करना होता था। प्रधानमंत्री श्री मोदी के मार्गदर्शन में सहकारिता क्षेत्र में प्रक्रियाओं को सरल बनाने की पहल हुई। सहकारिता को उन्होंने बहुउद्देश्यीय और बहुआयामी बनाने का कार्य किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा औद्योगीकरण में सिर्फ व्यक्ति ही नहीं, सहकारिता की भी भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। मध्यप्रदेश किसानों, गौ पालकों और मत्स्य पालकों को सहकारी क्षेत्र में अधिक से अधिक लाभ दिलवाकर इस क्षेत्र में शिखर पर पहुंचेगा।

### सहकारी ध्वजारोहण कर कैलेण्डर, मैन्युअल और परिपत्र पुस्तिका का किया विमोचन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शुरूआत में सहकारी ध्वजारोहण कर अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के वार्षिक कैलेंडर, पैक्स कार्य मैन्युअल और सहकारिता में सहकार, पैक्स पुनर्गठन और व्यवसाय संवर्धन के महत्वपूर्ण परिपत्रों की पुस्तिका का विमोचन किया। इसके साथ ही मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने माइक्रो एटीएम पखवाड़े का शुभारंभ भी किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाली पैक्स, दुग्ध सहकारी संस्थाओं और मत्स्य पालक सहकारी संस्थाओं को पुरस्कार प्रदान किए। इन संस्थाओं में विदिशा, इंदौर और खरगोन की संस्थाएं शामिल हैं। कार्यक्रम को सहकारिता और खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी और केंद्रीय सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने सहकारिता से समृद्धि का मंत्र दिया है। मध्यप्रदेश सहकारिता क्षेत्र में अग्रणी हो रहा है। हाल ही में जीआईएस-भोपाल में नया अध्याय जोड़ा गया जब सीपीपीपी अर्थात को-ऑपरेटिव पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप का विषय सामने आया। सहकारिता विभाग में कई नवाचार भी किए जा रहे हैं। ईज ऑफ डूईंग बिजनेस के अनुरूप कार्य किया जा रहा है। अपर मुख्य सचिव सहकारिता श्री अशोक बर्णवाल ने स्वागत उद्बोधन दिया। कार्यक्रम में प्रमुख सचिव पशुपालन एवं डेयरी श्री उमाकांत उमराव, प्रमुख सचिव मत्स्य पालन श्री डी.पी. आहूजा, राज्य सहकारी विपणन संघ के प्रबंध संचालक श्री आलोक कुमार सिंह, आयुक्त सहकारिता श्री मनोज पुष्प, नाबार्ड क्षेत्रीय कार्यालय की मुख्य महा प्रबंधक श्रीमती सी. सरस्वती एवं बड़ी संख्या में प्रदेश की सहकारी संस्थाओं के प्रतिनिधि, जिला सहकारी बैंक, अपेक्स बैंक, पैक्स, दुग्ध एवं मत्स्य समितियों के साथ ही सहकारिता विभाग के अधिकारी और कर्मचारी भी उपस्थित थे। अपेक्स बैंक के प्रबंध संचालक श्री मनोज कुमार गुप्ता ने आभार माना।




# भोपाल में 1283 लोकेशन पर 18% बढ़ेगी गाइडलाइन, विरोध तेज

## मंत्री, सांसद-विधायकों के सामने उठा मुद्दा; अब उर से होगी मांग

**भोपाल।** भोपाल में 1 अप्रैल से नई कलेक्टर गाइडलाइन लागू हो जाएगी। इसमें 1283 लोकेशन पर प्रॉपर्टी के रेट एवरेज 18% तक बढ़ाने का प्रस्ताव है। कहीं-कहीं तो 5% से 300% तक दरें बढ़ेगी। अब यह प्रस्ताव केंद्रीय मूल्यांकन बोर्ड को भेजा जाएगा, लेकिन इससे पहले विरोध भी हो रहा है। मंत्री, सांसद-विधायकों के सामने मुद्दा उठाने के बाद अब क्रेडाई मुख्य सचिव अनुराग जैन से भी मिलेगा।



वहीं, एक्सपर्ट रोक लगाने के लिए कोर्ट का दरवाजा खटखटाने की बात भी कह रहे हैं। क्रेडाई अध्यक्ष मनोज मीक ने बताया, भोपाल में क्रेडाई कलेक्टर गाइड लाइन पर रोक लगाने की मांग कर रहा है, क्योंकि भोपाल में लगातार कलेक्टर गाइडलाइन बढ़ रही है। इसे लेकर मंत्रियों से लेकर सांसद और विधायकों तक से मिल चुके हैं। उन्होंने भी गाइडलाइन को बढ़ना अनुचित बताया है। इसलिए भोपाल की कलेक्टर गाइडलाइन तुरंत रोकी जानी चाहिए।

**केंद्रीय मूल्यांकन कमेटी को भेजेंगे प्रस्ताव :** 13 मार्च को उप मूल्यांकन समिति की मीटिंग हुई थी। जिसमें भोपाल की कलेक्टर गाइडलाइन दरें बढ़ाने का प्रस्ताव है। इसे लागू करने से पहले दावा-आपत्ति लिए गए। करीब 200 दावा-आपत्ति आए। वहीं, जिला बैठक होने के बाद अब केंद्रीय मूल्यांकन कमेटी को प्रस्ताव भेज रहा है।

**200 से ज्यादा आपत्ति, कोलार-होशंगाबाद रोड की अधिक :** शहर में 2887 लोकेशन में से 1283 में 5% से 300% तक दरें बढ़ाने का प्रस्ताव है। कोलार और होशंगाबाद रोड पर बढ़ोतरी को लेकर सबसे ज्यादा आपत्तियां आई हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में 200 से 300% तक की वृद्धि पर बैठक में चर्चा होगी। संभावना है कि इस वृद्धि को आंशिक रूप से वापस लिया जा सकता है। 2011-12 में जमीनों के दाम में 31.50% की बढ़ोतरी हुई थी। इस बार औसतन 18% वृद्धि प्रस्तावित है। ग्रामीण क्षेत्रों में दरें 300% तक बढ़ सकती हैं।

दूसरी ओर, भोपाल जिले में लोकेशन की संख्या 3883 से घटाकर 2885 कर दी गई हैं। 1283 लोकेशन पर गाइडलाइन दरें बढ़ाने का प्रस्ताव है, जबकि 1601 लोकेशन पर दरें जस की तस रहेंगी। 7 नई लोकेशन जोड़ी गई हैं। पिछले साल 1443 लोकेशन पर 7.19% की औसत बढ़ोतरी की गई थी।

# जन्मदिन पर उज्जैन में मुख्यमंत्री डॉ. यादव का हुआ अभूतपूर्व स्वागत

## 100 किलो के वृहद पुष्पहार से किया अभिनंदन

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का मंगलवार को जन्मदिन पर 5 हजार से अधिक लोगों ने अभूतपूर्व और ऐतिहासिक से स्वागत व अभिनंदन किया। चिंतामन गणेश मंदिर स्थित महाकाल परिसर में मुख्यमंत्री डॉ. यादव का विशाल जनसमूह ने स्वागत किया। इनमें बड़ी संख्या में महिला, बच्चे ,पुरूष सम्मिलित हुए। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में प्रभारी मंत्री श्री गौतम टेटवाल, पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री सत्यनारायण जटिया, विधायक श्री अनिल जैन कालूहेड़ा, विधायक श्री तेज बहादुर सिंह चौहान, नगर निगम सभापति श्रीमति कलावती यादव, श्री संजय अग्रवाल, श्री राजेश धाकड़ और अन्य जन प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आम जनता का आभार जताते हुए कहा कि आपके स्नेह और आशीष के बिना सब कुछ अधूरा सा लगता है। आपसे मिले बिना जी नहीं भरता है। इसलिए मैं दौड़ के आपके पास चला आता हूं। उन्होंने कहा कि उज्जैन की भूमि पर उद्योगों की बहार आने लगी है। आज हमने 1200 करोड़ रुपए से अधिक के उद्योगों को लगाने के लिए भूमि-पूजन किया है। इसमें 5000 से अधिक लोगों को रोजगार उपलब्ध होगा और आने वाले समय में कई लाख करोड़ रुपए से अधिक का निवेश हमारे प्रदेश में आने वाला है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हम विकास के नये आयाम स्थापित कर रहे हैं। लगातार प्रयास से हम सफलता पा रहे हैं। रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव से हम स्थानीय स्तर पर रोजगार के नये अवसर उपलब्ध करवा रहे हैं। विकास की रफ्तार अब नहीं रुकेगी। आम जनता और युवाओं को रोजगार उपलब्ध करने के लिए हम कृत संकल्पित हैं। सम्मान समारोह के बाद मुख्यमंत्री डॉ. यादव को फलों से तौला भी गया और मित्र मण्डल कार्यकताओं ने कतार लगाकर मुख्यमंत्री डॉ. यादव का फूल, मोतियों की माला से स्वागत किया। इस अवसर पर लोगों ने आत्मीयता से मुख्यमंत्री डॉ. यादव को आशीर्वाद भी दिया।



# भोपाल में विवाद के बाद ऑटो में आग लगाई



## चालकों ने आपसी रंजिश के चलते फूंक दिया ऑटो, मालिक को भी पीटा

**भोपाल।** भोपाल के रोहित नगर में दो ऑटो चालकों का एक अन्य ऑटो चालक से विवाद हो गया। आरोपियों ने पहले फरियादी को पीटा फिर उसके ऑटो में आग लगा दी। पुलिस ने शिकायत दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। आग लगाने वाले दोनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया गया है। पुलिस के मुताबिक फरियादी मोनू सोनारे (35) बावड़िया कलां में रहता है। आरोपी दीपक और बंटी उसके पुराने दोस्त हैं। तीनों मंगलवार को शराब पार्टी कर रहे थे। तभी नशे की हालत में दीपक और बंटी का मोनू से विवाद हो गया। विवाद के बाद आरोपी ने फरियादी के साथ मारपीट की। इसके बाद उसके ऑटो में पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी। एएसआई शिव नारायण साहू ने बताया कि दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। उनका पुराना रिकार्ड खंगाला जा रहा है। तीनों आपस में दोस्त हैं। नशे की हालत में हुए विवाद के बाद मारपीट की गई है।

**आधे घंटे तक जलता रहा ऑटो :** ऑटो में आग की सूचना राहगीरों ने तत्काल पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने राहगीरों की मदद से आग को बुझाया। इस दौरान करीब आधे घंटे तक ऑटो सुलगता रहा। बताया जा रहा है कि ऑटो सीएनजी था, लिहाजा ब्लॉस्ट की आशंका के चलते सड़क पर ट्रैफिक भी रोकना पड़ा।

# मार्केटिंग सिस्टम को मजबूत करेगा हाउसिंग बोर्ड

## 5 साल में 815 करोड़ की प्रॉपर्टी बेची; पब्लिक के बीच इमेज सुधारने काम करेगा बोर्ड

**भोपाल।** हाउसिंग बोर्ड अब अपनी मार्केटिंग सिस्टम को मजबूत करने का काम करेगा। इसके लिये प्राइवेट एजेंसी का सहयोग लेने का प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा है कि बोर्ड अपने हर प्रोजेक्ट की गंभीरता से समीक्षा करे और इसे तय समय सीमा में पूरा किया जाए। विजयवर्गीय ने कहा कि बोर्ड के कॉमर्शियल परिसर के समय पर पूरा होने पर क्षेत्र में आर्थिक गतिविधियां बढ़ेंगी और युवाओं को रोजगार प्राप्त होगा। मंत्री विजयवर्गीय ने मंगलवार को मध्यप्रदेश हाउसिंग बोर्ड के कामकाज की समीक्षा के दौरान ये निर्देश दिए हैं। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि बोर्ड समाज के मध्यम और कमजोर वर्ग के आवासों की आवश्यकता को पूरा करने को प्राथमिकता दें। उन्होंने कहा कि बोर्ड अपने कामों की क्वालिटी से आम जन के बीच में अपनी इमेज को दुरुस्त करे। मंत्री ने कहा कि बोर्ड अपने हर प्रोजेक्ट की समीक्षा करे और इसे फिक्स टाइम फ्रेम में पूरा किया जाए।



बैठक में अपर मुख्य सचिव नगरीय विकास एवं आवास संजय शुक्ला भी मौजूद थे। मंत्री विजयवर्गीय द्वारा अगले 2 माह में बोर्ड की पुनः समीक्षा की जायेगी। मंत्री विजयवर्गीय ने कहा कि बोर्ड के कॉमर्शियल परिसर के समय पर पूरा होने पर क्षेत्र में इकोनॉमिक एक्टिविटीज बढ़ेंगी और युवाओं को रोजगार प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि बोर्ड की योजनाओं में अलग-अलग एजेंसियों के बीच में किसी तरह की देरी होती है, उसे उनके द्वारा दूर करने का प्रयास किया जायेगा।

### जिन रेसीडेंशियल और कॉमर्शियल भवनों का डेवलपमेंट किया, वे मेंटेन रहें

मंत्री विजयवर्गीय ने कहा कि बोर्ड जिन आवासीय और व्यवसायिक परिसरों का विकास करता है, भविष्य में वे अच्छी तरह मेंटेन रहें, इसके लिये मेकेनिज्म तैयार किया जाए। उन्होंने कहा कि जिन परिसरों का विकास बोर्ड द्वारा किया जाए, उनका नामकरण महान हस्तियों के नाम पर हो। मंत्री विजयवर्गीय ने कहा कि इंदौर के हुकुमचंद मिल परिसर में बनने वाला व्यवसायिक टावर आइकोनिक हो, इसका ध्यान रखा जाए।

### बोर्ड ने 815 करोड़ की प्रॉपर्टी बेची

बैठक में बताया गया कि हाउसिंग बोर्ड द्वारा पिछले 5 वर्षों में 815 करोड़ रुपए की संपत्तियों का विक्रय गया है। हाउसिंग बोर्ड द्वारा अब तक प्रदेश में 3 लाख 50 हजार से अधिक आवासीय यूनिट्स विकसित की जा चुकी हैं। बैठक में आवासीय, अटल आश्रय, पुनर्घनत्वीकरण (रि-डेंसीफिकेशन), पुनर्निमाण (री-डेवलपमेंट)) और सु-राज योजना की समीक्षा की गई।

# सौरभ चंद्राकर से जुड़े लोगों के ठिकानों पर सीबीआई रेड

## महादेव बेटिंग ऐप से जुड़े लोगों के देश भर में 60 ठिकानों पर कार्रवाई

**भोपाल।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (उइक) ने बुधवार को महादेव बेटिंग ऐप से जुड़े एक मामले में मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल सहित कोलकाता और दिल्ली में 60 स्थानों पर छापेमारी की। महादेव बुक, एक ऑनलाइन बेटिंग प्लेटफॉर्म है, जिसे रवि उप्पल और सौरभ चंद्राकर ने प्रमोट किया है, और ये दोनों इस वक्त दुबई में हैं। सीबीआई के अनुसार, जांच में यह सामने आया है कि इन प्रमोटरों ने अपने अवैध नेटवर्क के संचालन को सुचारू रूप से चलाने के लिए सरकारी कर्मचारियों को भारी रकम "सुरक्षा शुल्क" के तौर पर दी थी। महादेव ऐप के प्रमोटर सौरभ चंद्राकर को नवंबर 2024 में दुबई से गिरफ्तार किया गया था, जब इंटरपोल ने उनके खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस जारी किया था। यह नोटिस प्रवर्तन निदेशालय के अनुरोध पर जारी किया गया था।

**अहम दस्तावेज जब्त :** उइक ने बताया कि इस मामले में जांच के दौरान महत्वपूर्ण डिजिटल और दस्तावेजी साक्ष्य बरामद हुए हैं, जिन्हें जब्त कर लिया गया है। यह मामला पहले आर्थिक अपराध शाखा रायपुर द्वारा दर्ज किया गया था, लेकिन बाद में छत्तीसगढ़ सरकार ने मामले की गहन जांच के लिए उइक को सौंप दिया। उइक अब इस मामले में वरिष्ठ सार्वजनिक अधिकारियों और अन्य आरोपी व्यक्तियों की भूमिका की जांच कर रही है।

**भोपाल में बैक एण्ड शेक के मालिक के ठिकानों पर सर्चिंग**

भोपाल में बैक एण्ड शेक के मालिक गिरीश तलरेजा उर्फ दुबई के ठिकानों पर भी सीबीआई ने सर्चिंग की है। उनके आईएसबीटी स्थित होटल पर भी सर्च कार्रवाई की गई है।

### पुस्तक मेला बच्चों और अभिभावकों को दे रहा पसंद की शैक्षणिक सामग्री खरीदने का अवसर

# डिस्काउंट पर मिल रही कॉपी-किताबों से अभिभावक प्रसन्न

त्रिपुरी टाईम्स • जबलपुर
www.tripuritimes.com




स्कूली बच्चों को रियायती दरों पर पाठ्य पुस्तकें, कॉपियां और गणवेश उपलब्ध कराने जिला प्रशासन द्वारा गोलबाजार स्थित शहीद स्मारक प्रांगण में 25 मार्च से 5 अप्रैल तक आयोजित बारह दिवसीय पुस्तक मेला जहां एक ओर बच्चों और अभिभावकों के लिए अपनी पसंद की शैक्षणिक सामग्री खरीदने का अवसर उपलब्ध करा रहा है तो वहीं दूसरी ओर ये मेला अच्छा मंच प्रदान कर बच्चों के अंदर छिपे हुनर को निखारने का माध्यम भी बन रहा है। बारह दिनों का यह पुस्तक मेला प्रतिदिन शाम 4 बजे से रात 10 बजे तक शनिवार और रविवार को दोपहर 12 से रात 10 बजे तक खुला रहेगा। पुस्तक मेला के दूसरे दिन आज बुधवार को बड़ी संख्या में बच्चों और उनके अभिभावकों ने किताब, कापियां, यूनिफार्म और स्कूल बैग की खरीदी की। इस अवसर पर बाल कलाकारों द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये गये। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष डॉ जितेंद्र जामदार ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियों का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष पुस्तक मेला की सफलता को देखते हुए इस वर्ष और अधिक भव्यता के साथ पुस्तक मेला का आयोजन किया गया है। उन्होंने इस आयोजन के लिए जिला प्रशासन की तारीफ की और संस्कारधानी वासियों से यहाँ आकर शैक्षणिक सामग्री क्रय कर मेले का आनन्द लेने का आवाहन भी किया। पुस्तक मेला के दूसरे दिन आज बिलाबॉन्ग स्कूल की छात्राओं द्वारा विभिन्न गीतों पर प्रस्तुत कत्थक नृत्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रंखला का मुख्य आकर्षण था। साथ ही शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रानी दुर्गावती की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत नृत्य एवं केंद्रीय विद्यालय जीसीएफ नंबर-1 प्रारची पासवान की प्रस्तुति ने भी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। पुस्तक मेला में अपनी बच्ची के लिए खरीददारी करने आए मदन महल निवासी उमेश मिश्रा ने बताया कि मेले में सभी कक्षाओं की पुस्तकें, कॉपियां एवं यूनिफॉर्म आदि सामग्रियां अच्छे खासे डिस्काउंट पर उपलब्ध हैं। पिछले वर्ष उन्होंने बाजार से 4 हजार रुपए की कीमत पर कक्षा दूसरी की पुस्तकें खरीदी थी और इस वर्ष पुस्तक मेले में लगाए गए स्टॉल से मात्र 730 रुपए में कक्षा तीसरी की पुस्तकें खरीदी हैं। किताबों की खरीदी पर इतनी बड़ी छूट पाकर उमेश प्रसन्न नजर आए। उन्होंने संस्कारधानी में लगातार दूसरी वर्ष पुस्तक मेला आयोजित करने के लिए कलेक्टर दीपक सक्सेना को धन्यवाद भी दिया। पुस्तक मेला में बच्चों के लिए किताबें खरीदने आईं बिलहरी निवासी श्रीमती रेखा पासी ने पुस्तक मेला को अत्यधिक खर्चे के महीने में राहत दिलाने वाला आयोजन बताया। उन्होंने बताया कि अप्रैल का महीना अभिभावकों के लिए बजट को बिगाड़ने वाला होता है। इस बीच पुस्तक मेला का आयोजन जिला प्रशासन की एक सराहनीय पहल है, जहां पर स्कूल की सभी सामग्रियां न्यूनतम दामों पर एक ही प्रांगण में उपलब्ध हो रही हैं। गंगा नगर गढ़ा की रश्मि नामदेव ने बताया कि खरीददारी करने के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रमों का लुत्फ पुस्तक मेले को यादगार बना रहा है। निरंतर संचालित कार्यक्रम मंच पर बाल कलाकारों अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। बच्चों द्वारा मंच पर कलात्मक प्रस्तुति देने से उनके आत्मविश्वास को बल मिल रहा है। गोराबाजार निवासी निकिता विनोदिया ने बताया कि चुनिंदा दुकानों में किताबें उपलब्ध होने के कारण अभिभावकों को परेशान होना पड़ता था और बार बार दुकान के चक्कर लगाने पड़ते थे, लेकिन पुस्तक मेला में अगर किसी स्टॉल पर कोई पुस्तक उपलब्ध नहीं है है तो उसे दूसरे स्टॉल में आसानी से खरीदा जा सकता है।

### पाक रात शबे कद्र आज

# शहर की 100 से ज्यादा मस्जिदों मे होगी हाफिज साहिबान की दस्तारबंदी

त्रिपुरी टाईम्स • जबलपुर
www.tripuritimes.com



रमजान शरीफ की पाक रात शबे कद्र आज है। इस मौके पर नगर एवं उपनगरीय क्षेत्रों की 100 से ज्यादा मस्जिदों व नमाजगाहो मे रात्रिकालीन तरावीह की विशेष नमाज में कुरान शरीफ का पाठ पूर्ण किया जाएगा। जिसके बाद हाफिज साहिबान की दस्तारबंदी कर इस्तकबाल किया जाएगा। मस्जिद कमेटी एवं नमाजियो द्वारा हाफिजो को नजराने व तोहफे पेश किये जाएँगे। इस अवसर पर मस्जिदों मे आकर्षक विधुत सज्जा की गई है। मुस्लिम धर्मालबियों के अनुसार ये रात हजारों रात से अफजल रात है । इस रात में इबादत करना चाहिए और अल्बह से गुनाहों की तौबा करना चाहिए। दस्तारबंदी - पाक रात शबे कद्र के मौके पर रात्रि 10 बजे मदनी मिल्लत सेवा समिति के तत्वावधान में मुफ्ती ए आजम मध्यप्रदेश की सरपरस्ती में जश्ने दस्तार बंदी का आयोजन मुस्लिम बहुल क्षेत्र चार खम्बा में किया जाएगा। जिसमें शहर की तमाम मस्जिदों तरावीह की विशेष नमाज अदा कराने वाले हाफिज साहिबान की दस्तार बंदी कर इस्तकबाल किया जाएगा। गौरतलब है की समिति द्वारा विगत 30 वर्षों लगातार आयोजन किया जा रहा है। समिति के संरक्षक वरिष्ठ समाज सेवी मतीन अंसारी, अध्यक्ष आसिफ भाई, गुड्डू बाबा, अफरोज अंसारी, नुरुद्दीन अंसारी आदि ने हाफिज साहिबान एवं अकीदतमंदो से की गुजारिश की है। इसके आलावा शहर के अन्य स्थानों में भी अन्य कमेटीयों द्वारा हाफिज साहिबान की दस्तारबंदी की जाएगी। दरबारे बुनियादी- रमजान के 25 वे रोजे पर सूजी मोहल्ला स्तिथ हजरत बुनियाद अली शाह रहमतुल्ला अलैह की दरगाह में अफ्तार ए आम का एहतेमाम किया गया। मेराज बाबा जमाली ने आयोजन की सरपरस्ती फरमाई। मगरिब की अजान बुलंद होते ही रोजेदारों ने अफ्तार किया। अफ्तार मे हिन्दू धमार्लंबी एवं जनप्रतिनिधिगण भी मौजूद रहे। अफ्तारोपरान्त मगरिब की सामूहिक नमाज मौलवी रियाज आलम मुहम्म्दी ने अदा कराई। नमाजोपरान्त मुल्क की तरक?की खुशहाली की दुआएं मांगी गई। सूफी खादिम बाबा जमाली ने इस मौके पर कहा कि इस दरबार ने शहर को हमेशा शांति सद्भावना एकता का संदेश दिया है !

### छब्बीसवा रोजा आज

रोजा अफ़्तार, 6:28 बजे
सहरी कल सुबह, 4:37 बजे

### लार्डगंज से मिलौनी गंज तक होगा वन वे, पुलिस प्रशासन और व्यापारी संघ में बनी सहमति

## तिपहिया व चौपहियां वाहन होंगे प्रतिबंधित

त्रिपुरी टाईम्स • जबलपुर
www.tripuritimes.com

जबलपुर के लार्डगंज और कोतवाली थाना अंतर्गत लार्डगंज से मिलौनीगंज तक की सड़क वन वे रहेगी। जानकारी देते हुए सीएसपी कोतवाली रितेश कुमार शिव ने बताया कि पुलिस प्रशासन एवं व्यापारी संघ की संयुक्त बैठक में ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने चर्चा हुई और सहमति बनी कि उपरोक्त मार्ग पर ट्रैफिक वन वे किया जाए। तिपहिया व चौपहियां वाहन प्रतिबंधित किया जाए और निर्धारित स्थान पर पार्किंग की जाए।

# करदाताओं के पास बिना अधिभार के बकाया करों की राशि जमा करने अब मात्र 5 दिन शेष – महापौर अन्नू

त्रिपुरी टाईम्स • जबलपुर
www.tripuritimes.com

वर्तमान वित्तीय वर्ष में निर्धारित लक्ष्य की पूर्ति के लिए नगर निगम द्वारा वार्डवार एवं संभागवार राजस्व वसूली अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान घर-घर करदाताओं से राजस्व अमला सम्पर्क कर बकाया करों की राशि जमा करने अनुरोध भी कर रहा है। इस संबंध में आज महापौर जगत बहादुर सिंह ह्यह्यअन्नूह्वह्व ने अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। समीक्षा बैठक में महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने राजस्व वसूली से संबंधित सभी अधिकारियों को दिये गए निर्धारित टारगेट को पूरा करने निर्देश दिये। महापौर अन्नू ने बताया कि करदाताओं के पास बकाया करों की राशि जमा करने अब मात्र 5 दिन शेष है, 31 मार्च के बाद 1 अप्रैल से करों की राशि दो गुना कर दी जायेगी जो आगामी वित्तीय वर्ष में आने वाली लोक लदालत में भी छूट नहीं मिलेगी। उन्होंने बताया कि करदाताओं की सुविधा के लिए समस्त कैश काउण्टरों को सुबह 09:00 बजे से खोलने के अधिकारियों को निर्देश दिये है। महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार करदाताओं को ऑनलाईन बकाया करों की राशि 31 मार्च के पूर्व जमा करने पर विशेष छूट का लाभ भी दिया जा रहा है, उन्होंने अधिक से अधिक करदाताओं से ऑनलाईन करों की राशि जमा करने की अपील भी की है।

## अधिवक्ताओं ने कराया रोजा अफ्तार, शांति सद्भव की मांगी गई दुआ



मुस्लिम धर्मावलंबियों के पवित्र माह रमजान के चलते 25वें रोजे को पीएसएम मस्जिद में मुस्लिम अधिवक्ताओं एवं सिविल कोर्ट के कर्मचारियों के द्वारा विशाल अफ्तार ए आम का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों लोगों ने सामुहिक रूप से मिलकर अफ्तार किया। अफ्तार के उपरांत मगरिब की सामूहिक नमाज अदा की गई और मुल्क हिंदुस्तान में अम्नो और शांति की दुआएं मांगी गईं। इस अवसर पर अधिवक्ताद्वय सलीम खान, शेख मंजूर, एस एम मंसूरी, बहार अंसारी, मो. अल्तमस, हाजी मुईन खान, मुज्जफर हुसैन, नईम अहमद, इरशाद अहमद, नजर पहलवान, मुईन रजा, एस डी खान, निजामुद्दीन, अकील अंसारी, कदीर खान, शाहिद खान, तौसीफ खान, अकबर उस्मानी सहित हजारों रोजेदार उपस्थित थे। तदोपरांत अधिवक्ताताओ व कर्मचारियों ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# नारी सशक्तिकरण सम्मान का पोस्टर लांच






त्रिपुरी टाईम्स • जबलपुर
www.tripuritimes.com

नेशन प्राइड अनमोल द्वारा भारतीय संस्कृति और सनातन को बढ़ावा देने और सभी में अपनी संस्कृति के लिए जागरूकता लाने के उदेस्य से नारी सशक्तिकरण सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। नेशन प्राइड-अनमोल की चेयरमैन श्रीमति अर्पणा पाठक ने बताया कि हम नारी सशक्तिकरण सम्मान समारोह 2025(Season-8) का आयोजन अप्रेल के दूसरे सप्ताह में होने जा रहे हैं। कार्यक्रम में सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली नारियों को सम्मानित किया जाएगा। मुख्य अतिथि योमेश अग्रवाल एवं अतिथि महिलाओं ने नारी सशक्तिकरण सम्मान का पोस्टर लांच किया।

### यह है मीडिया पार्टनर

कार्यक्रम में इलेक्ट्रानिक मीडिया पार्टनर सेल टीवी नेटवर्क एवं प्रिंट मीडिया पार्टनर त्रिपुरी टाईम्स है।

### यह रहे उपस्थित

कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से, श्रीमती स्वप्नीता राय चौकसे, श्रीमती सुनयना जायसवाल, श्रीमती पूजा दुबे, श्रीमती प्रियंका पोद्दार पटेल, श्रीमती अर्चना अग्रवाल, श्रीमती रुचि आदि उपस्थित रहे ।

### नगर निगम से व्यापारी लाइसेंस लेकर ही करें स्वाभिमान के साथ व्यापार – निगमायुक्त

त्रिपुरी टाईम्स • जबलपुर
www.tripuritimes.com

नगर निगम द्वारा निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के निर्देशानुसार बाजार विभाग के माध्यम से शहर में स्वाभिमान के साथ व्यापार करने नए व्यापारियों के लिए लायसेंस बनाने तथा पुराने लायसेंस का नवीनीकरण करने का कार्य किया जा रहा है। यह व्यवस्था नगर निगम के सभी संभागीय कार्यालयों के साथ-साथ जार्ज टाउन स्कूल परिसर में लायसेंस एजेन्सी संचालक कार्यालय से भी किये जा रहे हैं। निगमायुक्त श्रीमती यादव ने सभी व्यापारियों से अनुरोध किया है कि नगर निगम से लायसेंस लेकर ही स्वाभिमान के साथ व्यापार करें और पुराने लायसेंस का 31 मार्च के पहले नवीनीकरण कराएँ और 100 प्रतिशत लगने वाला पेनाल्टी से बचें। इस संबंध में उपायुक्त पी.एन. सनखेरे एवं बाजार अधीक्षक दिनेश प्रताप सिंह ने पेनाल्टी के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि 31 मार्च तक नवीन लायसेंस एवं लायसेंस नवीनीकरण में कोई पेनाल्टी नहीं लगेगी, 31 मार्च के बाद 1 अप्रैल से 100 प्रतिशत पेनाल्टी का प्रावधान किया गया है। बाजार अधीक्षक दिनेश प्रताप सिंह ने व्यापारियों से लाइसेंस लेकर ही व्यापार करने और निगम की अप्रिय कार्यवाही से बचने अपील की है।

# पीडब्ल्यूडी मंत्री सिंह ने किया भूमि पूजन

## उत्तर मध्य विधानसभा में होंगे 15 करोड़ के काम

### विधानसभा का व्यवस्थित और भविष्योन्मुखी विकास मेरा लक्ष्य : डॉ अभिलाष पांडे

त्रिपुरी टाईम्स • जबलपुर
www.tripuritimes.com



बुधवार को उत्तर मध्य विधानसभा के अंतर्गत अनेक विकास कार्यों का भूमि पूजन पीडब्ल्यूडी मंत्री राकेश सिंह एवं उत्तर मध्य विधानसभा के विधायक डॉ अभिलाष पांडे द्वारा किया गया। इस दौरान जबलपुर नगर निगम में अध्यक्ष रिंकू विज एवं भाजपा जिलाध्यक्ष रत्नेश सोनकर प्रमुख रूप से उपस्थित थे। मंत्री श्री सिंह ने बताया कि मध्य प्रदेश में मोहन यादव की सरकार विकास कार्य में निरंतरता बनाए हुए हैं। उत्तर-मध्य विधानसभा में भी 15 करोड़ के काम होंगे और विकास का क्रम निरंतर चलता रहेगा। इस बार के बजट में केवल जबलपुर में ही मध्यप्रदेश शासन की ओर से लोक निर्माण विभाग द्वारा 3200 करोड़ रुपए के कार्यों की स्वीकृति प्रदान की गई है पहले जहां जबलपुर में एक भी बड़ा फ्लाई ओवर नहीं था अब फ्लाईओवरों को एक बड़ी श्रृंखला बनने जा रही है जबलपुर उत्तर मध्य विधानसभा के विधायक डॉ अभिलाष पांडे सदैव ही विधानसभा के व्यवस्थित विकास और कार्यों के लिए प्रयासरत रहते हैं और एक बड़ा विजन लेकर कार्य करने का प्रयास कर रहे हैं जिसमें मध्यप्रदेश सरकार लोक निर्माण विभाग के माध्यम से उनकी प्रत्येक मांग पर गंभीरता पूर्वक विचार करता है और इसी का परिणाम है कि आज चार बड़े कार्यों का भूमिपूजन किया जा रहा है और विधायक जी के द्वारा अभी जो प्रस्तावित मांगे हैं हम उन्हें भी जल्द पूरा करने की कोशिश करेंगे।

**यह रहे उपस्थित :** इस अवसर पर अश्विनी परांजपे, पंकज दुबे, रूपा राव,पार्षद कमलेश अग्रवाल, मोनिका पुष्पेंद्र सिंह, रेणु कोरी, सोनिया रंजीत सिंह, मंडल अध्यक्ष पुष्पराज पांडे, जागृति शुक्ला, योगेश बिलोहा, राहुल रजक, पवन तिवारी, शैलेन्द्र राजपूत, राजेश तिवारी, नितिन मिश्रा, अंकित पाठक भाजपा पदाधिकारी गण, पार्षद गण,जनमानस की उपस्थिति रही।

# मुस्लिमों को रिझाने चुनावी झुनझुना

### मुस्लिमों को ईद पर सौगाते मोदी देने की घोषणा

त्रिपुरी टाईम्स • जबलपुर
www.tripuritimes.com

आदिवासी बहुजन अधिकार कल्याण संघ के प्रदेश अध्यक्ष देवेश चौधरी,एड तेज कुमार भगत,शिवनाथ चौधरी आलम,कमलेश धापोड़कर दीपक चौधरी,शुभम चौधरी ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में केंद्र की मोदी सरकार एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर मुस्लिमों को ईद के मौके पर सौगात में कपड़े,अनाज की किट देने की घोषणा को लेकर आबाक्स ने निंदा करते हुए कहा कि 11 सालों में 22 बार ईद इस देश में ईद मनाने की तैयारी हो रही है परंतु प्रधानमंत्री जी को आज 11 सालों के बाद मुस्लिमों को ईद पर सौगात देने की याद आई दुर्भाग्य की बात है कि रोजाना भारतीय जनता पार्टी के नेता और सरकार में बैठे जवाबदार नफरत के बीज बोने से बाज नहीं आते जब तक मुस्लिमों के खिलाफ बोलकर अपनी भड़ास नहीं निकालते तब तक उनका खाना भी नहीं पचता वही केंद्र सरकार के मुखिया प्रधानमंत्री मोदी 32 लाख लोगों को ईद में किट देने की घोषणा कर मुस्लिमों को अपनी तरफ रिझाने की कोशिश कर रहे है।देश में मॉब लीचिंग, बुल्डोजर से बेगुनाहों के घर गिराना,तीन तलाक, वक्फ बोर्ड बिल तथा धार्मिक स्थलों को लेकर मुस्लिमों को परेशान करना जैसी अनेक घटनाएं हुई है जिस पर मोदी जी ने कभी भी इस वर्ग के लोगों के लिए संवेदना व्यक्त नहीं की परंतु देश में अल्पसंख्यकों का विश्वाश खो चुके मोदी जी ने राजनैतिक हथियार के रूप में ईद के इस मौके पर मुस्लिमों को सौगातें ए मोदी किट देने की घोषणा को बिहार चुनाव में भाजपा की मुकम्मल पराजय को टालने के मकसद से मुस्लिमों के आक्रोश को दबाने के लिए झुनझुना लाया गया है।जिसकी आदिवासी बहुजन अधिकार कल्याण संघ निंदा करता है।

# ईदुल फितर पर्व पर नगर निगम की व्यवस्थाएँ चाकचौबंध

### निगमायुक्त प्रीति यादव ने मुस्लिम बहुल्य क्षेत्रों में सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ सुचारू रूप से रखने अधिकारियों की लगाई विशेष डयूटी

त्रिपुरी टाईम्स • जबलपुर
www.tripuritimes.com

दिनांक 31 मार्च को ईदुल फितर का त्यौहार मनाया जायेगा। जिसके लिए नगर निगम की व्यवस्थाएँ शहर के सभी मुस्लिम बाहूल्य क्षेत्रो में चाकचौबंध है। निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने इसके लिए अधिकारियों को विशेष रूप से डयूटी लगाकर मुस्लिम बाहूल्य क्षेत्रों में सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ सुचारू रूप से रखने के निर्देश दिये हैं। निगमायुक्त के निर्देशानुसार सभी संबंधित अधिकारी अपने अपने क्षेत्रों में मुश्तैद रहकर व्यवस्थाओं पर स्वयं निगरानी रखेगें। नगर निगम द्वारा मुस्लिम बाहूल्य क्षेत्रों में विशेष रूप से साफ-सफाई, प्रकाश एवं अतिरिक्त पेयजल की व्यवस्था कराई है। निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने बताया कि सभी मस्जिदों के आस-पास सफाई हेतु कर्मचारियों डयूटी लगाकर सफाई कराना, मुस्लिम क्षेत्र में साफ-सफाई, फॉगिंग, कीटनाशक दवाईयों का छिड़काव, नाला नालियों की साफ-सफाई, डोर टू डोर कचरा उठवाना, चूने की लाइन डलवाना, एवं धुलाई करवाकर सेनेटाईजेशन कराना, मस्जिद एवं ईदगाह के आस-पास समुचित प्रकाश व्यवस्था, पर्याप्त पेयजल की व्यवस्था, एवं आवारा पशुओं को पकड़ने आदि कार्यो को संबंधित अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गयी हैं। उपरोक्त कार्यो में किसी प्रकार की कोई लापरवाही न बरतने की भी निगमायुक्त ने अधिकारियों को हिदायत दी है।

# ...पक्षियों की बुझेगी की प्यास

## स्वयंसेवकों ने वृक्षों में सकोरे एवं घोसले लगाए





त्रिपुरी टाईम्स • जबलपुर
www.tripuritimes.com

रादुविवि में अशोक रोहाणी, विधायक, केन्ट विधानसभा के मुख्य आतिथ्य एवं कुलगुरु प्रो. राजेश कुमार वर्मा के मार्गदर्शन में टिम्बर मार्केटिंग एसोसिएशन एवं एनएसएस के स्वयंसेवकों द्वारा रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के मुख्य प्रशासनिक भवन के सामने स्थित बगीचे के वृक्षों में 30 सकोरे एवं 30 घोसले लगाए गए ताकि इस भीषण गर्मी में प्यासे पक्षियों को राहत तथा उनके रहने के लिए आसरा मिल सके। साथ ही पक्षियों के लिए अन्न की भी व्यवस्था की गई।

विधायक श्री रोहाणी ने एनएसएस के स्वयंसेवकों की सराहना करते हुए कहा कि आने वाले दिनों में इस अभियान को व्यापक स्वरूप देकर सेवा कार्य में सभी सहभागी बनें। द्वितीय चरण में विश्वविद्यालय के विज्ञान भवन में आयोजित विचार गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए कुलगुरु प्रो. राजेश कुमार वर्मा ने वन विभाग एवं टिम्बर संगठन के प्रतिनिधियों को धन्यवाद देते हुए कहा कि विश्वविद्यालय में आज यह प्रतीकात्मक रूप से एक प्रयास की शुरूआत की गई है। विश्वविद्यालय को 450 सकोरे एवं घोसले प्राप्त हो चुके हैं। शीघ्र ही एनएसएस स्वयंसेवकों, एनसीसी कैडेट्स एवं विभागों के छात्र-छात्राओं द्वारा इन सकोरे एवं घोसले लगाने का लक्ष्य पूरा किया जायेगा।

### यह रहे उपस्थित

इस अवसर पर प्रभारी कुलसचिव प्रो. सुरेन्द्र सिंह, प्रो. राकेश ढांड, एनएसएस समन्वयक डॉ. शोभाराम मेहरा, कार्यक्रम अधिकारी मुक्त इकाई डॉ. देवांशु गौतम, वन विभाग के एसडीओ प्रदीप श्रीवास्तव एवं रेंजर अपूर्व शर्मा, कर्मचारी संघ के अध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह पटेल, महासचिव राजेन्द्र शुक्ला, उपाध्यक्ष प्रेमप्रकाश पुरोहित व टिंबर संगठन के सचिव विनय मखीजा, भूतपूर्व अध्यक्ष उमेश परमार सहित एनएसएस के स्वयंसेवक जिम अरविंद लोधी, अमित शिवहरे, निखिल गुप्ता, अनिमेष गुप्ता, आंचल मिश्रा, अभिलाष चौधरी, छवि त्रिपाठी सहित विश्वविद्यालय के कर्मचारी व टिंबर संगठन के कोषाध्यक्ष शीष पटेल व सदस्य जितेंद्र पटेल, मनकरण सलूजा, सज्जन गुप्ता, शैलेश पटेल, आशीष पटेल, प्रवीण पटेल, संजय लोधी, हिमांशु पटेल आदि उपस्थित थे।

## चिंतन

# पीओके लेने के लिए ठोस कदम उठाए भारत

पाकिस्तान के अवैध कब्जे से पीओके को लेने के लिए भारत को ठोस कदम के साथ आगे बढ़ना होगा। संयुक्त राष्ट्र में भारत ने एक बार फिर से कहा है कि पाकिस्तान पीओके पर अवैध कब्जा जारी रखे हुए है, जो उसे खाली करना होगा। यूएन में पहली बार नहीं है, जब पाकिस्तान ने कश्मीर राग अलापा है। यूएन की रूटीन चर्चा में भी पाक कश्मीर पर ही अपना मुंह खोलता है। भारत ने हर दफा मुंहतोड़ जवाब दिया है। यूएनएससी में इस बार भी पीस कीपिंग चर्चा के दौरान जब पाक ने कश्मीर पर अनर्गल बात की तो, भारत ने दो टूक कहा कि पाकिस्तान को पीओके खाली करना ही होगा। यूएन में पाक के इस तरह के बार-बार उल्लेख न तो उनके (पाकिस्तान के) अवैध दावों को मान्य करते हैं और न ही उनके राज्य प्रायोजित सीमा पार से आतंकवाद को उचित ठहराते हैं। पाकिस्तान को अपने संकीर्ण और विभाजनकारी एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए यूएन मंच का ध्यान भटकाने की कोशिश नहीं करनी चाहिए। कश्मीर को लेकर पाकिस्तान ने हमेशा ही झूठ बोला है। पाकिस्तान के संविधान के मुताबिक, पीओके विदेशी जमीन है, वह पाकिस्तान का हिस्सा नहीं है। पाकिस्तान के संविधान का आर्टिकल एक कहता है कि पाकिस्तान में बलूचिस्तान, खैबर पख्तूनख्वा, पंजाब और सिंध प्रांत हैं। उसके संविधान में पीओके का कोई जिक्र नहीं है। पाकिस्तान ने संविधान में पीओके का जिक्र आर्टिकल 257 में किया है, जिसमें कहा गया है कि पीओके पाकिस्तान का हिस्सा तब ही होगा जब वहां के लोग हमसे जुड़ना चाहेंगे। पाकिस्तान सरकार ने वर्ष 2024 की तारीख 31 मई को इस्लामाबाद हाई कोर्ट में कहा था कि पीओके विदेशी जमीन है। उस वक्त कश्मीरी कवि और पत्रकार अहमद फरहद शाह की किडनैपिंग के मामले को लेकर सुनवाई चल रही थी। इस दौरान पाकिस्तान के अटार्नी जनरल ने कहा कि पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर विदेशी जमीन है। ऐसे में पाकिस्तान को पीओके से अपने अवैध कब्जे को तत्काल हटाना चाहिए और यूएन में कश्मीर को लेकर बार-बार झूठ नहीं बोलना चाहिए। अब समय आ गया है कि केवल बातों और बयानों से भारत पीओके हासिल नहीं कर सकेगा, इसके लिए अंतरराष्ट्रीय कूटनीतिक व सामरिक दबाव बढ़ाना होगा, यूएन जैसे ग्लोबल मंचों का इस्तेमाल भी पीओके के लिए करना होगा। ताकतवर देशों के साथ मजबूत संबंध के बाद अब भारत को पीओके की दिशा में सामरिक कदम पर विचार करना चाहिए। पाकिस्तान का मानना है कि पीओके के लोग जब जुड़ना चाहेंगे, तब वह उसका हिस्सा होगा। भारत को पाकिस्तान की इस संवैधानिक स्थिति का फायदा उठाना चाहिए, क्योंकि पूर्व में कई बार पीओके के लोग पाक एस्टाब्लिशमेंट के खिलाफ मुखालफत कर चुके हैं। पीओके के लोगों को भारत में मिलने के लिए जनमत के जरिये आगे आना चाहिए। पीओके में पाकिस्तान विरोधी आंदोलन भारत के लिए एक अवसर जैसा है। 1947 में जम्मू-कश्मीर के तत्कालीन महाराजा हरि सिंह ने भारत में विलय के लिए हस्ताक्षर भी किया था। यह कानूनी स्थिति भारत के पक्ष में है। कई स्थितियां हैं, जिससे भारत पीओके हासिल कर सकता है। पीछे चार बार के युद्ध के दौरान भारत ने पीओके व गिलगित बाल्टिस्तान को हासिल करने में अवसर गंवाए हैं। शांति के माहौल में वार्ता से भी भारत पीओके हासिल कर सकता है, हालांकि यह कठिन राह है।

# उपलब्धियां कई पर चुनौतियां भी अनेक

उत्तर प्रदेश सरकार के आठ वर्ष के कालखंड की मीमांसा आवश्यक है। आमतौर पर एक कृषि प्रधान राज्य में सरकारों के कामकाज के मूल्यांकन का आधार कृषि, किसानों की दशा एवं वानिकी के साथ-साथ राज्य का विकास दर, कानून-व्यवस्था, उद्योग-धंधे, कल-कारखाने और सामाजिक समरसता होता है। इस कसौटी को आधार बनाएं तो योगी सरकार के आठ वर्ष का कामकाज सराहनीय रहा है। अपने आठ वर्ष के कार्यकाल में योगी सरकार राज्य के विकास को गति देने, अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने और कानून का राज स्थापित करने के अलावा सांस्कृतिक धरोहरों और मूल्यों को संरक्षित व जीवंत बनाने की कसौटी पर खरा उतरी है।


किसी भी लोकतांत्रिक सरकार के महत्व-मूल्यांकन, उपलब्धियां-चुनौतियां एवं जनता की कसौटी पर खरा उतरने-परखने के लिहाज से आठ वर्ष का समय पर्याप्त होता है। इस दृष्टि से उत्तर प्रदेश सरकार के आठ वर्ष के कालखंड की मीमांसा आवश्यक है। आमतौर पर एक कृषि प्रधान राज्य में सरकारों के कामकाज के मूल्यांकन का आधार कृषि, किसानों की दशा एवं वानिकी के साथ-साथ राज्य का विकास दर, कानून-व्यवस्था, उद्योग-धंधे, कल-कारखाने और सामाजिक समरसता होता है। इस कसौटी को आधार बनाएं तो योगी सरकार के आठ वर्ष का कामकाज सराहनीय रहा है। 2017 में सत्ता की लगाम थामते ही सरकार ने कैबिनेट की पहली बैठक में लघु एवं सीमांत किसानों के एक लाख रुपये तक का फसली ऋण माफ किया। इस निर्णय से 2.15 करोड़ किसान लाभान्वित हुए। आज आठ वर्ष बाद योगी सरकार किसानों की आय बढ़ाने और किसानों को उनकी उपज का वाजिब मूल्य दिलाने के लिए लगातार काम कर रही है। सरकार ने विगत आठ वर्षों में गन्ना किसानों को 2.87 लाख करोड़ रुपये का भुगतान कर उनके चेहरे पर खुशियां ला दी हैं। गौर करें तो यह 1994 से 2016 यानि 22 वर्षों में हुए कुल भुगतान से भी 60 हजार करोड़ रुपये अधिक है। सफल कृषि नीति से राज्य में 23 हजार हेक्टेअर सिंचन भूमि में वृद्धि हुई है।

इसी तरह अनाज उत्पादन में भी 20 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। अच्छी बात यह कि सरकार विभिन्न योजनाओं के माध्यम से किसानों को परंपरागत कृषि की जगह बाजार की मांग के अनुसार खेती करने के लिए प्रोत्साहित कर रही है। गौर करें तो उत्तर प्रदेश की कृषि सूखा, बाढ़ और ओले के प्रहार से बर्बाद होती रहती है। इसे ध्यान में रखते हुए सरकार ने किसानों को फसल बीमा योजना से आच्छादित किया है। इसके दायरें में बंटाईदारों को भी लाया है। सरकार ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना के तहत किसानों को दिए जाने वाले हर चौथे महीने दो हजार रुपये का भुगतान को भी सुनिश्चित किया है। इससे किसानों को बड़ी राहत मिल रही है। कृषि को मजबूती देने के लिए सरकार ने गोवंश की रक्षा के लिए कानून बनाए हैं और अवैध बुचड़खानों को बंद कराया है। कृषि उत्थान के साथ-साथ उद्योग-धंधे और कल-कारखानों का विकास होना आवश्यक है। इस दिशा में सरकार ने 2018 में प्रदेश की राजधानी लखनऊ में इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन किया। आंकड़ों पर गौर करें तो विगत आठ वर्षों में राज्य में 45 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव आए हैं। इसमें से 15 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारा जा चुका है। इससे तकरीबन 60 लाख नौजवानों को रोजगार मिला है। आठ वर्षों में प्रदेश का जीएसडीपी 2017 के मुकाबले दोगुना होकर 27.51 लाख करोड़ रुपये हो चुका है। 'इज ऑफ डूइंग' बिजनेस से उद्योगों एवं कल-कारखानों को नई संजीवनी मिली है। विश्व बैंक की कारोबारी सुगमता रैंकिंग में उत्तर प्रदेश 2017 में 14वें स्थान पर था, जो आज दूसरे स्थान पर है। सरकार ने राज्य में उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए औद्योगिक निवेश एवं रोजगार संवर्धन नीति-2017 लागू की जिसके परिणामस्वरूप निवेशकों को कर में छूट एवं सब्सिडी तथा जमीन आवंटन में मदद मिली है। सरकार ने राज्य में 33




सेक्टोरल पॉलिसी को धार दी है जिससे उत्तर प्रदेश औद्योगिक विकास का नया धूमकेतु बनकर उभरा है। सरकार की ठोस पहल के कारण डिफेंस कॉरिडोर, मेडिकल फॉर्मा सेक्टर को पंख लगा है। माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में इन योजनाओं से हजारों लोगों को रोजगार मिलेगा। नोएडा के बाद बीडा के रूप में उत्तर प्रदेश के सूखाग्रस्त इलाके बुंदेलखंड में नया औद्योगिक शहर बसाया जा रहा है। बुंदेलखंड में ड्रग व फार्मा की स्थापना और रक्षा औद्योगिक गलियारे का काम भी तेजी पर है जो कि न सिर्फ इस इलाके को दुनिया के नक्शे पर लाएगा बल्कि इसके जरिए मेक इन इंडिया अभियान को भी प्रोत्साहन मिलेगा। करीब पांच हजार हेक्टेयर में यह गलियारा छह शहरों लखनऊ, कानपुर, आगरा, अलीगढ़, झांसी और चित्रकूट में विकसित होगा। योगी सरकार ने इसमें रक्षा से जुड़े उद्योग लगाने वाले निवेशकों को विशेष रियायत देने की पेशकश की है। अच्छी बात यह है कि पांच दर्जन से अधिक कंपनियों ने रक्षा औद्योगिक गलियारा में निवेश करने के लिए अभिरुचि दिखायी है। गौर करें तो यूपी सरकार क्षेत्रीय असंतुलन को पाटने के लिए एक्सप्रेसवे का जाल बिछा रही है। मौजूदा समय में 6 एक्सप्रेस वे संचालित हैं और 11 पर काम जारी है। गंगा एक्सप्रेस वे बनने के बाद देश के कुल एक्सप्रेसवे में उत्तर प्रदेश की हिस्सेदारी 55 प्रतिशत हो जाएगी। उत्तर प्रदेश में 2017 तक एक्सप्रेस वे की कुल लंबाई 491 किमी थी जो आज 2024 में बढ़कर 1225 किलोमीटर हो गई है। 32 हजार किलोमीटर से अधिक लंबाई के मार्गों का नवनिर्माण हुआ है और 25 हजार किलोमीटर के मार्गों का चौड़ीकरण हुआ है। किसी भी राज्य के विकास के लिए कनेक्टिविटी बेहद आवश्यक है। कनेक्टिविटी बढ़ने से राज्य के विकास और अर्थव्यवस्था को गति मिलती है। सरकार इस दिशा में पहल कर राज्य के आठ शहरों को एयर कनेक्टिविटी से जोड़ रही है। गौर करें तो 2017 तक उत्तर प्रदेश में सिर्फ 4 एयरपोर्ट थे। आज उत्तर प्रदेश 21 एयरपोर्ट की ओर अग्रसर है जिनमें 5 इंटरनेशनल एयरपोर्ट हैं। देश का सबसे बड़ा जेवर एयरपोर्ट लगभग तैयार हो चुका है जो देश का सबसे बड़ा कार्गो हब बनने जा रहा है। राज्य की अर्थव्यवस्था को गति देने और प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि, पर्यटन, निर्यात, रोजगार और कानून-व्यवस्था में मजबूती एक महत्वपूर्ण कारक होता है। 2017 में प्रतिव्यक्ति आय 46 हजार रुपये थी जो आज 2024 में बढ़कर एक लाख 24 हजार रुपये हो गई है। बेरोजगारी दर घटकर 3 प्रतिशत पर आ चुकी है। एमएसएमई एवं निजी क्षेत्र में दो करोड़ और ओडीओपी योजना से 2.54 लाख लोगों को रोजगार मिला है। निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के कारण तकरीबन 8.5 लाख लोगों को सरकारी नौकरी और 3.75 लाख लोगों को संविदा पर नौकरी मिली है। पर्यटन क्षेत्र को पंख लगा है और रोजगार की संभावनाओं के द्वार खुले हैं। 2017 से पहले 21 करोड़ पर्यटक आए थे लेकिन 2024 में यह संख्या बढ़कर 67 करोड़ हो गई है। अयोध्या, काशी, प्रयागराज, मथुरा-वृंदावन, चित्रकुट और विंध्याचल पर्यटकों से वर्ष भर गुलजार रहते हैं। सरकार शिक्षा के स्तर को सुधारने के लिए लगातार ठोस पहल कर रही है। कानून-व्यवस्था के मोर्चे पर सरकार का कदम सख्ती भरा है। अपराध के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत 222 अपराधी मारे जा चुके हैं। 28000 से अधिक अपराधी जेल भेजे गए हैं। माफियाओं के अवैध कब्जे से लगभग 3000 करोड़ की संपत्ति जब्त हुई है। कुल मिलाकर कहें तो अपने आठ वर्ष के कार्यकाल में योगी सरकार राज्य के विकास को गति देने, अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने और कानून का राज स्थापित करने के अलावा सांस्कृतिक धरोहरों और मूल्यों को संरक्षित व जीवंत बनाने की कसौटी पर खरा उतरी है। इसके लिए वह बधाई की पात्र है।

## सारा संसार



जम्मू कश्मीर राज्य में त्रिकुटा पहाड़ियों में समुद्रतल से 15 किमी की ऊँचाई पर स्थित माता वैष्णोदेवी मंदिर भारत के प्रसिद्ध चमत्कारी मंदिर में से एक है, जो हिंदू धर्म के लोगों के लिए आध्यात्मिकता और श्रद्धा से भरपूर है। यहाँ हर साल लाखो की संख्या में श्रद्धालु माता के दर्शन और फरियादें लेकर आते है।

# मानव अपनी दौड़ को सीमित करे




संकलित

**दर्शन**

सिकन्दर को एक महात्मा ने कहा, तुम भारत को जीत कर क्या करोगे? सिकंदर ने कहा, पहले मैं अफगानिस्तान जीतूंगा। महात्मा ने पूछा फिर? फिर मैं उजबेकिस्तान, रुस आदि देश जीतूंगा। महात्मा ने पूछा फिर? सिकन्दर बोला फिर मैं आराम करूंगा। महात्मा ने कहा अगर तुम इतना सब करके ही आराम करने वाले हो तो आज ही आराम करो तो क्या कठिनाई है? सिकन्दर कोई उत्तर नहीं दे सका। मानव की एक तृष्णा होती है अप्राप्त को प्राप्त करने की। इस तृष्णा के अन्तर्गत जीवन भर वह भाग दौड़ करता ही रहता है, फिर भी जब उसकी मृत्यु होती है, तो उस समय तक बहुत कुछ अप्राप्त ही रह जाता है। विश्व और विश्व के उपादान इतने विस्तृत है कि कोई भी व्यक्ति उन्हें पूर्ण रुप से प्राप्त नहीं कर सकता, यह स्पष्ट होते हुए भी मानव अपनी तृष्णा को निरन्तर बढ़ाता ही रहता है। आराम-सुख-शान्ति-आनन्द ये तत्व तो उसके लिए दुर्लभ ही हो जाते हैं क्यों कि वह तो जीवनभर अर्जन करने में ही जुटा रहता है। और ऐसा करते-करते ही अपना मानव जीवन बिताकर दुनियां से चला जाता है। प्राचीनकाल से मनुष्य वस्तुओं का परिवार के लिए संचय ही करते आया है। इस संचय का वह सीमित लाभ ही उठा पाता है। जानते हुए भी मनुष्य की प्रवृत्ति संचय की होती है। शास्त्रों का संदेश है। मानव अपनी दौड़ को सीमित करें।

*-कांतिलाल मांडोत, सूरत*

# जब काम बड़ा हो तो बुद्धि से काम लेना चाहिए



संकलित

**प्रेरणा**

गणेश जी प्रथम पूज्य हैं और इससे संबंधित एक कथा है। शास्त्रों के मुताबिक, एक दिन गणेश जी और कार्तिकेय स्वामी के बीच प्रतियोगिता हुई कि कौन सबसे पहले संसार का चक्कर लगाकर लौटता है। कार्तिकेय स्वामी का वाहन मयूर यानी मोर है और गणेश जी का वाहन चूहा है, जो कि मोर की अपेक्षा बहुत धीरे चलता है। कार्तिकेय तो अपने वाहन मयूर पर बैठकर उड़ गए, लेकिन गणेश जी का वाहन चूहा है तो उन्होंने विचार किया कि अगर मैं चूहे पर बैठकर संसार की परिक्रमा करूंगा तो बहुत समय लग जाएगा, कार्तिकेय ये प्रतियोगिता जीत जाएंगे। उन्होंने कुछ सोचा और फिर शिव-पार्वती की परिक्रमा करनी शुरू कर दी। गणेश जी ने कहा कि मेरा संसार को मेरे माता-पिता ही हैं। गणेश जी की बुद्धिमानी से शिव जी इतने प्रसन्न हुए कि उन्होंने अपने पुत्र गणेश को प्रथम पूज्य होने का वरदान दे दिया। हालांकि इस बात से कार्तिकेय स्वामी गणेश जी के साथ ही शिव-पार्वती से भी नाराज हो गए थे। नाराज होकर कार्तिकेय स्वामी क्रौंच पर्वत पर रहने चले गए। ये पर्वत वर्तमान में मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग जहां है, वहां स्थित है। गणेश जी तो प्रथम पूज्य बन गए, लेकिन नाराज कार्तिकेय को मनाने के लिए शिव-पार्वती ने बहुत कोशिशें कीं। जब कार्तिकेय स्वामी की नाराजगी दूर नहीं हुई, तब शिव-पार्वती ने तय किया कि अब से वे हर अमावस्या और पूर्णिमा पर बारी-बारी से कार्तिकेय से मिलने पहुंचेंगे। मान्यता है कि इसी कथा की वजह से मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग में शिव-पार्वती ज्योति स्वरूप में विराजित रहते हैं।

# खुशी की सरल-कठिन चुनौती

*खुशी के बारे में सरल बात यह है कि यह बहुत कठिन है*
*खुशी के बारे में कठिन बात यह है कि यह बहुत सरल है!*

खुशी को अक्सर जीवन का अंतिम लक्ष्य बताया जाता है। हम में से ज्यादातर लोग खुशी की तलाश करना चाहते हैं, लेकिन फिर भी, हमारे आसपास बहुत सारा तनाव और नाखुशी है। खुशी की यात्रा को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। एक चुनौती है खुशी की सरल-कठिन चुनौती। अपने पंद्रह साल के खुशी के काम में, मैंने लोगों के दो बड़े समूह देखे हैं: जो लोग खुश हैं और जो लोग खुश नहीं हैं। जब मैं नाखुश लोगों से मिलता हूं, तो मैं एक आम समस्या देखता हूं, जिसे मैं खुशी की सरल-कठिन चुनौती कहता हूं।

अपने संवादों में, मैं नाखुश लोगों की बात धैर्य से सुनता हूं।

लोगों का एक समूह ऐसा है जो कहता है,

"खुशी बस खुश रहना है।" "खुशी बस मन की स्थिति है।" "खुशी मेरे अंदर है।" "खुशी के बारे में क्या सीखना है?" और इसी तरह,ये लोग सोचते हैं कि खुशी आसान और सरल है, इसे हल्के में लेते हैं, और इसका अभ्यास नहीं करते। जब मैं उनसे पूछता हूं कि क्या वे खुश हैं, तो ज्यादातर स्वीकार करते हैं कि वे नहीं हैं। लोगों का एक दूसरा समूह है जो कहता है,

"खुशी बहुत मुश्किल है।" "पता नहीं खुश कैसे रहें।" "खुशी मेरे लिए नहीं है।" "मुझे यकीन नहीं है कि मैं खुश हो सकता हूँ।"

"पहले मुझे अपनी जिम्मेदारियां, काम संभालना है, और बाद में खुशी।"

"मोक्ष और निर्वाण प्राप्त करना इतना असंभव है।" और इसी तरह, ये लोग सोचते हैं कि खुशी मुश्किल और जटिल है। जब मैं उनसे पूछता हूं कि क्या वे खुश हैं, तो ज्यादातर स्वीकार करते हैं कि वे नहीं हैं। वे खुश होने को निकट भविष्य में एक संभावना के रूप में नहीं देखते और खुश होने की कोशिश करने से पहले ही हार मान लेते हैं। यही है जिसे मैं सरल-कठिन चुनौती कहता हूं, यानी कुछ लोग इसलिए नाखुश हैं क्योंकि वे सोचते हैं कि खुशी आसान है, इसे हल्के में लेते हैं, और इसका अभ्यास नहीं करते। दूसरे लोग इसलिए नाखुश हैं क्योंकि वे सोचते हैं कि खुशी मुश्किल है और इसे आजमाते ही नहीं। यह खुशी के अनुशासन या हमारे लिए अच्छा नहीं है। हमें खुशी का एक यथार्थवादी दृष्टिकोण अपनाना होगा। खुशी न तो उतनी सरल है और न ही उतनी मुश्किल जितना हम सोचते हैं। हमें यह जागरूकता होनी चाहिए कि स्थायी खुशी मुश्किल है, लेकिन इसे छोटे कदमों से शुरू करके और निरंतरता बनाए रखकर आसान बनाया जा सकता है। व्यवहार विज्ञान में शोध दिखाता है कि छोटे से शुरू करके हमारे व्यवहार को बदलना संभव है। मस्तिष्क विज्ञान में शोध यह भी दिखाता है कि जब हम छोटे कदमों से शुरू करते हैं जो कम ऊर्जा लेते हैं, तो हमारा मस्तिष्क इसका समर्थन करता है। खुशी की यात्रा पर रोजाना छोटे कदम उठाकर और इसका आनंद लेकर, निरंतरता बनाए रखते हुए, हम प्रभावी ढंग से खुशी की यात्रा को आगे बढ़ा सकते हैं। खुशी के बारे में सही ज्ञान प्राप्त करके, इसके सकारात्मक प्रभाव को महसूस करके, इसे अधिक गंभीरता से लेकर, इसे अपना समय, ऊर्जा और ध्यान देकर, छोटे कदमों से शुरू करके लेकिन निरंतर बने रहकर, हम खुशी की यात्रा को सफलतापूर्वक पार कर सकते हैं और रास्ते में आने वाली चुनौतियों, जैसे कि खुशी की सरल-कठिन चुनौती, का ध्यान रख सकते हैं।

(लेखक प्रोफेसर, मैनेजमेंट डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट, गुड़गांव हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## सटाका




## आज की पाती


### सकारात्मक सोच से दूर होगा डिप्रेशन

आधुनिकता और भौतिकतावाद की अंधी दौड़ में आज बहुत से लोग डिप्रेशन के शिकार हो रहे हैं। यह भी सच है कि जब किसी को दो वक्त की रोटी नसीब न हो पाए, बच्चों की पढ़ाई का खर्च पूरा न हो पाए या फिर दूसरे जरूरी खर्च पूरे न हो पाए तो ऐसी परिस्थितियों में कोई भी व्यक्ति तनाव में आ सकता है। फिर भी कोशिश करनी चाहिए कि दिल-दिमाग पर तनाव हावी न हो पाए, क्योंकि तनाव लेने से किसी भी समस्या का हल तो नहीं निकल सकता। डिप्रेशन बहुत से लोगों की जान का दुश्मन बनता आ रहा है। कोई डिप्रेशन का शिकार न हो, इसके लिए किसी को भी न तो घर-परिवार में और न ही अपने ऑफिस में नकारात्मक बातें करनी चाहिए। सकारात्मक सोच से ही डिप्रेशन दूर होगा।

*- रविंद्र जोशी, बिलासपुर*

## करंट अफेयर


# न्यूयार्क में मनाया गया बिहार दिवस



न्यूयॉर्क में 'बिहार दिवस' मनाने के लिए शनिवार को आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में बिहार की संस्कृति एवं विरासत को सराहा गया और राज्य से संबंध रखने वाले प्रवासी भारतीय समुदाय के चार विशिष्ट सदस्यों को उनकी उल्लेखनीय उपलब्धियों एवं योगदान के लिए सम्मानित किया गया। 'बिहार फाउंडेशन यूएसए' (ईस्ट कोस्ट) ने बताया कि यह आयोजन उसके, भारतीय वाणिज्यदूतावास और 'बिहार-झारखंड एसोसिएशन ऑफ नॉर्थ अमेरिका' (बीजेएएनए) के सहयोग से किया गया। इसमें भारतीय-अमेरिकी समुदाय के 130 से अधिक सदस्य शामिल हुए जिन्होंने बिहार की संस्कृति, उसके द्वारा की गई प्रगति और दुनियाभर में उसकी बढ़ती मौजूदगी को सराहा। इस अवसर पर महेश कुमार ('टाइगर एनालिटिक्स' के संस्थापक), डॉ. अभिषेक तिवारी ('केपीएमजी' कंपनी के 'ग्लोबल हेड ऑफ पीपल'), शरद कुमार ('बैंक ऑफ अमेरिका' के प्रबंध निदेशक) और कृषि वैज्ञानिक डॉ. प्रकाश झा को 'बिहार विश्व गौरव सम्मान' दिया गया। इन सभी को सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी), वित्त, कृषि और नेतृत्व के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए यह सम्मान दिया गया।

## ऑफ बीट

# जिम की जगह खुद घर पर कर सकते हैं व्यायाम



जीवन यापन की बढ़ती लागत के साथ, जिम की सदस्यता और फिटनेस कक्षाएं तेजी से अप्रचलित होती जा रही हैं। लेकिन अच्छी खबर यह है कि आप घर पर भी खुद से व्यायाम करके उतनी ही प्रगति कर सकते हैं। हृदय सहनशक्ति, मांसपेशियों की ताकत और लचीलापन फिटनेस के सबसे महत्वपूर्ण घटक हैं। और प्रत्येक को बहुत कम या बिना किसी उपकरण के खुद से किया जा सकता है। हृदय सहनशक्ति व्यायाम हृदय और फेफड़ों को काम करने वाली मांसपेशियों को ऑक्सीजन की आपूर्ति बढ़ाने के लिए मजबूर करता है। पैदल चलना, जॉगिंग और दौड़ना बढ़िया विकल्प हैं, वैसे ही साइकिल चलाना, रस्सी कूदना और तैराकी भी है।अगला है मांसपेशियों की ताकत, जिसे हम प्रतिरोध व्यायाम के माध्यम से प्रशिक्षित करते हैं। यह हड्डियों के स्वास्थ्य, संतुलन और चयापचय स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है, खासकर जब हमारी उम्र बढ़ती है और हमारी मांसपेशियों और ताकत में गिरावट आती है। स्क्वैट्स – कूल्हों, घुटनों और टखनों को मोड़कर खड़े होने से लेकर छाती को ऊपर रखते हुए कूल्हों, घुटनों और टखनों को सीधा करके खड़े होने तक। बेहतर लचीलापन आपकी गति की सीमा को बढ़ा सकता है और दैनिक जीवन को प्रबंधित करने की आपकी क्षमता में सुधार कर सकता है।

## ट्रेंड

### अलगाववाद अब इतिहास



कश्मीर में अलगाववाद इतिहास बन चुका है। हुर्रियत से जुड़े दो संगठनों ने अलगाववाद से सभी संबंध तोड़ने की घोषणा की है। मैं भारत की एकता को मजबूत करने की दिशा में इस कदम का स्वागत करता हूं और ऐसे सभी समूहों से आग्रह करता हूं कि वे आगे आएं।

-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

### दिल्ली का होगा विकास



हमारी सरकार का संकल्प है कि विकसित दिल्ली बजट में सिर्फ वादे नहीं, बल्कि मजबूत नींव डाली जाएगी। स्मार्ट इंफ्रा, सुगम सड़कें और स्टीम लैस कनेक्टिविटी के साथ अब दिल्ली होगी और अधिक विकसित और सुविधाजनक।

-रेखा गुप्ता, सीएम, दिल्ली

### सोना सुरक्षित निवेश



जब भी वैश्विक अर्थव्यवस्था में बहुत अनिश्चितता होती है, तो सोने की कीमत रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच जाती है। सबसे सुरक्षित निवेश के रूप में, सोना चमकने वाला है।

-अनिल अग्रवाल, उद्यमी

### ब्रह्मांड का हिस्सा



आप इस विशाल ब्रह्मांड का एक छोटा सा महत्वहीन हिस्सा हैं... फिर भी इस क्षण आपके अस्तित्व के बिना ब्रह्मांड का ताना-बाना ढह जाएगा... आप इस क्षण में इतने महत्वपूर्ण हैं..।

-शेखर कपूर, फिल्मकार

संपादकीय

# कर्म करते हुए भाव से भक्ति करो तो भगवान स्वयं आते है :जगत गुरु राघवदेवाचार्य

### मां कर्मा देवी जयंती पर समरसता सेवा संगठन ने किया विचार गोष्ठी एवं सम्मान समारोह का आयोजन

## संस्कारधानी होली महोत्सव के सहयोगियों का हुआ सम्मान

त्रिपुरी टाइम्स • जबलपुर
www.tripuritimes.com



समरसता सेवा संगठन द्वारा मां कर्मा देवी की 1009वीं जयंती पर परम पूज्य जगत गुरु सुखानंद द्वाराचार्य स्वामी राघवदेवाचार्य महाराज के सानिध्य, मुख्य वक्ता डॉ जितेंद्र जामदार, विशिष्ठ अतिथि रविकिरण साहू, श्रीमती किरण कालवे, डॉ अभिजात कृष्ण त्रिपाठी, समरसता सेवा संगठन के अध्यक्ष संदीप जैन, सचिव उज्वल पचौरी की उपस्थिति में विचार गोष्ठी एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन आईएमए हाल राइट टाउन में किया गया। इस अवसर पर संस्कारधानी की परंपरा को और अधिक मजूबुत करते हुए संस्कारधानी होली महोत्सव में अपना प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष सहयोग करने हेतु संस्थाओं का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में अपने आशीर्वचन देते हुए जगतगुरु सुखानंद द्वाराचार्य स्वामी राघवदेवाचार्य महाराज ने कहा भक्ति के मार्ग पर चलकर ही भगवान से मिला जा सकता है और अपने कर्म करते हुए पूर्ण भाव से भक्ति करो तो भगवान स्वयं अपने भक्त से मिलने आते है और यही भक्ति का भाव कर्मा देवी की भक्ति में था कि भगवान श्री हरी जगन्नाथ प्रभु स्वयं खिचड़ी का भोग ग्रहण करने उनके पास आते थे। पूज्य स्वामी जी ने कहा भक्त और भगवान में केवल प्रेम का संबंध होता है और न सिर्फ भक्त भगवान अपितु संसार के सभी प्राणियों में, देश में, समाज में और परिवार में यदि प्रेम का भाव हो तो या समाज अपने आप ही समरस हो जायेगा। अपने गुरु, माता पिता और बुजुर्गो की कही बात को आत्मसात कीजिए भगवान की भक्ति कीजिए तो आपका जीवन सफल हो जाएगा। विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता डॉ जितेन्द्र जामदार ने कहा भक्ति का मार्ग सहज है एक साधारण व्यक्ति भी श्रेष्ठ भक्त हो सकता हैं भक्तमाल के चरित्र को पढ़े तो हम समझ सकते है हमारे देश में भक्ति की श्रेष्ठ परंपरा रही है अनेकों संत महात्मा हुए है जिन्होंने भक्ति के भाव से भगवान को प्राप्त किया और अपने विचारो से समाज का पथ प्रदर्शित किया है उन्ही में से एक भक्त शिरोमणि माता कर्मा थी जो सिर्फ साहू समाज की ही नहीं संपूर्ण सनातन समाज की आराध्य देवी थी। समरसता सेवा संगठन के अध्यक्ष संदीप जैन कार्यक्रम की प्रस्तावना और स्वागत उद्बोधन देते हुए कहा सब सबको जाने सब सबको माने के ध्येय को लेकर दो वर्ष पूर्व हमने मिलकर समरसता संगठन प्रारंभ किया जिसका उद्देश्य है कि जब समाज समरस होगा तो समाज समर्थ भी होगा और इसी से समर्थ भारत का निर्माण होगा। उन्होंने कहा सर्व समाज की सहभागिता से संस्कारधानी में हमने कार्यक्रम किए और इससे अलग प्रकार के वातावरण का निर्माण हुआ है इन कार्यक्रमों के माध्यम से इसका परिणाम है कि विगत दिनों सर्व समाज की सहभागिता से होली महोत्सव का भव्य आयोजन किया उसमे जिस तरह सभी ने सहयोग और सहभागिता की उससे हम अपने उद्देश्य की ओर बढ़ते हुए दिख रहे है। आज हम उन सभी संस्थाओं का सम्मान कर रहे है जिन्होंने होली महोत्सव को एतिहासिक बनाया और हमारी सनातनी परंपरा को पुनः संस्कारधानी में मजबूत करने में अपना योगदान दिया है। कार्यक्रम को विशिष्ठ अतिथि रविकिरण साहू, श्रीमती किरण कालवे, डॉ अभिजात कृष्ण त्रिपाठी, संगठन वक्ता अखिल मिश्रा ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में डॉ उदयभान तिवारी द्वारा मां कर्मा गीत का गायन द्वारा प्रस्तुत किया गया।

### प्रतिभा सम्मान

कार्यक्रम के दूसरे चरण में साहू समाज के राधेश्याम साहू, रविशंकर साहू, मुकेश साहू, रजनी कैलाश साहू, आभा दीपक साहू, सुधीर साहू, हरीश साहू, कोठिया राकेश साहू, नरेंद्र साहू, राजेश साहू, डॉ पुरषोत्तम साहू, अशोक साहू, ब्रजेश साहू, सुरेंद्र साहू, कोठिया राजेंद्र साहू, जितेंद्र साहू, पप्पी साहू सहयोगी,

### सहयोगी संस्थाओं का सम्मान

इस अवसर पर होली महोत्सव में सहयोग करने हेतु कोष्टा विकास समिति, राठौर क्षत्रिय पंचायत समिति नारायणी सेना यादव समाज सोनकर समाज प्रगतिशील ब्राहम्ण सभा गहोई वैश्य समाज पंचायत संत सेन सामुदायिक भवन समिति हैहय वंशीय क्षत्रीय ताम्रकार समाज महलवार परिवार तमरहाई रद्दीवाला अग्रवाल परिवार भारतीय सुदर्शन समाज महासंघ विश्वहिंदु परिषद बजरंग दल हनुमान प्रखंड इमिटेशन एवं बैंगल एसोसिऐशन प्रजापति (कुंभकार संघ) ब्राहम्ण एकता मंच जबलपुर अग्रवाल सभा कसोधन वैश्य गुप्ता परिवार विकास समिति स्वर्णकार समाज चौरसिया समाज माँ मक्रवाहिनी परिवार दिगंबर जैन समाज नगर केशरवानी वैश्य सभा खुन्नेलाल एंड संस अखिल भारतीय क्षत्रीय महासभा पगडी हाउस नगर पंडित सभा बडे महावीर मंदिर परिवार संत रविदास समाज लार्डगंज व्यापारी संघ श्री दत्त भंजन मंडल सक्षम (दिव्यांग जन) मेन रोड गंजीपुरा संघ जबलपुर कलचुरी महासभा हरियाली बचाव अभियान मंच जबलपुर युपी बिहार महासंघ सम्पूर्ण रजक समाज पंजाबी महासंघ, सिख संगत मालवीय चैक व्यापारी संघ सर्व मंगला ग्रुप, सिंधी सेन्ट्रल पंचायत, झारिया मेहरा कल्याण संघ तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ, दक्षिणेश्वरी मठ परिवार म.प्र. शिक्षक कांग्रेस क्षत्रीय मराठा समाज श्रमजीवी पत्रकार संगठन अखिल भारतीय कायस्थ महासभा तमिल संघम अ.भा. कायस्थ महासभा (महिला प्रकोष्ठ) जानवी शिक्षा एंव समाज कल्याण समिति पावर ऑफ वूमेन नई सोच हमारी कल्पना क्षत्रीय करणी सेना वैश्य महासम्मेलन म.प्र.व्यंकटेश महिला सषक्तिकरण समिति समानता लेडीज क्लब संस्कारणानी आयोध्या वासी वैष्य गुप्ता समाज वृन्दा फाउंडेशन नामदेव महिला विकास समिति म.प्र.तैलिक साहू महिला महासभा भार्गव ब्राम्हण महिला समिति ताम्रकार महिला मंडल खंडेलवाल महिला मंडल नवरंग कत्थक कला मंदिर नाट्य लोक संस्था झा आर्ट्स व्ही.के. स्टूडियों, श्याम बैंड, श्रीराधा नाम संकीर्तन मंडल जबलपुर श्रीराधा रमण मंदिर (इस्कॉन) का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन शरद ताम्रकार, मनोज सेठ एवं आभार उज्वल पचौरी ने व्यक्त किया

### यह रहे उपस्थित

इस अवसर पर रंजीत सिंह, आशुतोष दीक्षित, मथुरा चौबे, अभिमन्यु जैन, कपिल दुबे, आशीष महाराज, दुर्गा उपाध्याय, रामबाबू विश्वकर्मा, मोहन कश्यप, श्वेता सिंह, प्रीति ताम्रकार, सुधा तिवारी, राधा झरिया, सारिका सेठ, आभा जैन, संगीता नायडू, प्रियंका पोद्दार, मुन्नीलाल अहिरवार, प्रवीण जैन आदि उपस्थित थे।

# ईद-उल-फितर पर कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने कार्यपालिक मजिस्ट्रेट नियुक्त

**कटनी।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 31 मार्च या 1 अप्रैल को (चंद दिखने के अनुसार) ईद-उल-फितर का त्यौहार कटनी जिले अंतर्गत सभी प्रमुख स्थानों में मनाया जायेगा। इस अवसर पर जनसामान्य की अत्यधिक भीड़ को देखते हुए कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने की दृष्टि से अपर जिला मजिस्ट्रेट साधना परस्ते द्वारा कार्यपालिक मजिस्ट्रेटों की ड्यूटी लगाई गई है। सम्पूर्ण व्यवस्था के प्रभारी प्रदीप कुमार मिश्रा, उपखण्ड मजिस्ट्रेट कटनी को बनाया गया है। एवं अनुविभागीय अधिकारी विजयराघवगढ़, बहोरीबंद, ढ़ीमरखेड़ा को अपने अनुभाग एवं तहसील क्षेत्र के अंतर्गत कायार्पालिक मजिस्ट्रेट की ड्यूटी लगाया जाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये।

### इन कार्यपालिक मजिस्ट्रेटों की लगी ड्यूटी

अपर जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जारी आदेश में बीके मिश्रा तहसीलदार कटनी (शहरी) एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट की ड्यूटी नगीना मस्जिद, मिशन चौक, शहर जामा मस्जिद, ईश्वरीपुरा वार्ड, नूरी (छोटी) मस्जिद एवं आजाद चौक में, राकेश अहिरवार अधीक्षक एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट भू-अभिलेख कार्यालय कटनी की ड्यूटी ईदगाह, आदर्श कॉलोनी, वक्फ मस्जिद, अल्फर्टगंज, सुभाष चौक, इस्हाकिया मस्जिद, अहमद नगर कटनी में, अजीत तिवारी तहसीलदार कटनी (ग्रामीण) एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट की ड्यूटी अबू जर गफफारी मस्जिद, झर्रा टिकरिया, एक मिनारा (अजीमिया) मस्जिद, बरगवां, गौसिया मस्जिद, बरगवां कटनी में लगाई गई है। इसी प्रकार रामटेके हर्षवर्धन ए.एस.एल.ओर. भू-अभिलेख कार्यालय कटनी कार्यपालिक मजिस्ट्रेट की ड्यूटी मस्जिद, मंगल नगर, वक्फ मस्जिद, ऑर्डिनेंस फैक्ट्री कटनी, जामा मस्जिद रजा नगर, एन. के. जे. कटनी, नूरूल बशर मस्जिद, एन. के. जे. बजरिया कटनी में, नेहा जैन नायब तहसीलदार नजूल कटनी कार्यपालन दण्डाधिकारी की ड्यूटी मदीना मस्जिद, रोशन नगर कटनी, खिरहनी मस्जिद, बिरहनी रेलवे फाटक के पास ड्यूटी लगाई गई है। जबकि आकाश दीप नामदेव अतिरिक्त तहसीलदार कटनी एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट की ड्यूटी मुख्य रेल्वे स्टेशन कटनी एवं अमीरगंज मस्जिद कटनी में अतुलेश सिंह नायब तहसीलदार पहाडी एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट की ड्यूटी हुसैनी मस्जिद, लमतरा कटनी एवं गौरव पाण्डेय तहसीलदार कटनी कार्यपालिक मजिस्ट्रेट की ड्यूटी पीर बाबा मस्जिद में लगाई गई है।

# निगमायुक्त नीलेश दुबे ने गठित किया वसूली दल,लक्ष्यानुसार वसूली किए जाने के दिए निर्देश

**कटनी।** मध्यप्रदेश शासन के अनुसार नेशनल लोक अदालत में संपत्तिकर, जलप्रभार एवं अन्य उपभोक्ता प्रभार के मात्र अधिभार (सरचार्ज) में दी गई छूट को दिनाँक 25 मार्च 2025 से 31 मार्च 2025 तक जारी रखते हुये अधिक से अधिक बकाया राशि वसूल किया जाना है। जिसके अनुपालन में निगमायुक्त नीलेश दुबे ने वित्तीय वर्ष 2024-25 समाप्ति तक नगर निगम सीमान्तर्गत वार्ड क. 01 से 45 तक के सभी बकायादारों से प्रतिदिन सम्पर्क करते हुये बकाया राशि जमा कराने हेतु दल प्रभारी बनाते हुए वसूली दल का गठन किया है। श्री दुबे ने गठित दल के अधिकारी,कर्मचारी को अपने वर्तमान दायित्वों के साथ-साथ आपस में समन्वय बनाते हुए प्रतिदिन वार्डों का भ्रमण कर बकायादारों से अधिक से अधिक सम्पर्क करते हुये बकाया सम्पत्तिकर,जलकर राशि जमा कराने एवं सभी दल प्रभारियों को वसूली कराये जाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही वसूली कार्य में किसी प्रकार की समस्या आने पर राजस्व अधिकारी जागेश्वर प्रसाद पाठक से सम्पर्क करते हुये समस्या का त्वरित निराकरण कराये जाने के भी निर्देश दिए हैं।

# महापौर प्रीति संजीव सूरी ने मोहन घाट,एवं मसुरहा घाट में चल रहे जीर्णोद्धार कार्यों का किया निरीक्षण

### विकास कार्यों को गुणवत्तापूर्ण, समय सीमा में किए जाने के दिए निर्देश



**कटनी।** कटनी नगर में विकास कार्य के लिये आशानुरूप,जनहितैषी कार्य निरंतर जारी है।जिसमें एक महत्वपूर्ण कार्य अमृत योजना अंतर्गत मोहन घाट, मसुरहा घाट का जीर्णोद्धार कार्य लगभग 1.83 करोड़ की लागत से कराया जा रहा है। जिसका आज बुधवार 26 मार्च को महापौर प्रीति संजीव सूरी ने पार्षद साथियों एवं अधिकारियों के साथ आकस्मिक निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान महापौर ने घाटों में चल रहे पिंचिंग,पाथवे,प्लांटेशन इत्यादि कार्यों की प्रगति की जानकारी ली जिसमें अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया कि मोहन घाट में 80 प्रतिशत एवं मसुरहा घाट में 70 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है एवं आगामी 2 माह के अंदर कार्य पूर्ण कर लिया जावेगा।उपरोक्त के अतिरिक्त महापौर सूरी ने मोहन घाट,मसुरहा घाट एवं गाटर घाट में कटनी नदी में मिलने वाले नालों के ट्रीटमेंट हेतु निमार्णाधीन एसटीपी का निरीक्षण भी किया गया एवं प्रोजेक्ट से संबंधित अधिकारियों को शीघ्र एसटीपी निर्माण कार्य पूर्ण कराये जाने के साथ-साथ शेष सभी कार्यों को गुणवत्तापूर्ण समयसीमा में किए जाने के निर्देश दिए हैं।

# पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनवाने लाएं तेजी:बीएमओ





**कटनी।** आयुष्मान कार्ड बनाये जाने आपके द्वार निरामयम् अभियान के तहत ढीमरखेडा ब्लाक में खंड स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें आशा कार्यकताओं सहित ग्रामपंचायत सरपंच, सचिवों को पात्र हितग्राहियों के शत प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनवाने तेजी लाने के निर्देश दिए। साथ ही बैठक में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान की भी समीक्षा की गई।बीएमओ डा. बीके प्रसाद ने बताया कि पात्रता में 70 वर्ष या उससे अधिक आयु के वरिष्ट नागरिक, भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण में पंजीकृत श्रमिक आदि शामिल है। ऐसे पात्र हितग्राही ग्रामपंचायत या आशा कार्यकर्ता से संपर्क कर कार्ड बनवा सकते है।बैठक में जनपद सीईओ यजुवेंद्र कोरी, बीएमओ डा. बीके प्रसाद, जितेंद्र डोडवे आदि उपस्थित रहे। गौरतलब है उक्त अभियान के तहत 8 अप्रैल तक कार्ड बनाए जाएंगे।

### कलेक्टर ने तहसीलदारों और नायब तहसीलदारों को दिए निर्देश

# सेल्फ रजिस्ट्रेशन से पीएम किसान योजना का नवीन पंजीयन करने व सेल्फ रजिस्ट्रेशन का हो व्यापक प्रचार

**कटनी।** कलेक्टर दिलीप कुमार यादव नें जन-सुनवाई एवं जन-संवाद कार्यक्रमों के दौरान पीएम किसान योजना के छूटे हुये पात्र हितग्राहियों की शिकायतों एवं आवेदनों को दृष्टिगत रखते हुए हितग्राहियों की सुविधा के मद्देनजर सैल्फ रजिस्ट्रेशन कराये जाने की प्रक्रिया का आम जनमानस में पर्याप्त प्रचार-प्रसार कराये जाने के निर्देश दिये हैं। कलेक्टर यादव नें समस्त सैल्फ रजिस्ट्रेशन से प्राप्त आवेदनों को तहसीलदार आई.डी से समयसीमा में जांच कर नियमानुसार अनुमोदन की कार्यवाही करनें के निर्देश जिले के तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों को दिए है। कलेक्टर यादव द्वारा समीक्षा के दौरान पीएम किसान योजना के छूटे एवं योजना का लाभ न मिलनें संबंधी पात्र हितग्राहियों का परीक्षण किये जाने पर यह तथ्य संज्ञान में आया कि संबंधित कृषक का पटवारी स्तर से पंजीयन कर दिया गया है एवं तहसीलदार आईडी से एक्सएमएल भी काफी समय पहले प्रेषित की जा चुकी है। किंतु अभी भी कृषक का पीएम किसान योजना में पंजीयन क्रमांक जनरेट नहीं हो सका जिससे कृषक पात्र होते हुये भी कृषक पीएम किसान एवं सी एम किसान योजना का लाभ नहीं मिल रहा है।

### सेल्फ रजिस्ट्रेशन पंजीयन प्रक्रिया

सेल्फ रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया हेतु सर्वप्रथम स्र्ं२ल्ल.ॅङ्ग५.ल्ल पर जाना होगा उसके पश्चात न्यू फार्मर रजिस्ट्रेशन पर क्लिक करके कृषक का आधार नंबर व यूनिक मोबाईल नंबर दर्ज करना होगा। राज्य का चयन करने के पश्चात पहले मोबाईल का ओटीपी तत्पश्चात आधार का ओटीपी दर्ज करने के पश्चात अनुमति देनी होगी। अनुमति की कार्यवाही के पश्चात ग्राम की जानकारी एलजीडी कोड अनुसार सही-सही दर्ज करनें के पश्चात किसान की वर्ग तथा किसान का प्रकार चुनना होगा। इसके पश्चात एड लैंड डीटेल में जाकर जमीन की जानकारी, खसरा, रकवा, भूमि प्राप्ती की दिनाँक और प्रकार चुनने पर भूमि संबंधित दस्तावेज पीडीएफ रूप में अपलोड कर एड पर क्लिक कर सेव कर करना होगा।

### अद्यतन करने की प्रक्रिया

इस प्रक्रिया हेतु सर्वप्रथम स्र्ं२ल्ल.ॅङ्ग५.ल्ल पर जाकर अपडेशन ऑफ सेल्फ रजिस्टर्ड फार्मर्स पर क्लिक कर कृषक का आधार नंबर व कैप्चा दर्ज करने पर मोबाईल नंबर प्रदर्शित होगा, गलत होने पर सही नंबर डालकर गेट मोबाइल ओटीपी पर क्लिक कर आधार का ओटीपी दर्ज कर अनुमति देने पर भरा हुआ फॉर्म प्रदर्शित होगा दसमें नियमानुसार अद्यतन करें। इसके पश्चात भूमि संबंधित दस्तावेज पीडीफफ के रूप में अपलोड कर एड पर क्लिक कर सेव करना होगा।

# समर्थन मूल्य पर गेहूँ बिक्री हेतु अब तक 37 हजार किसानों ने कराया पंजीयन

### 31 मार्च तक किसान भाई करा सकेंगें पंजीयन

**कटनी।** जिले में रबी विपणन वर्ष 2025-26 के तहत गेहूं उपार्जन की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है, जो 05 मई 2025 तक जारी रहेगी। भारत सरकार द्वारा गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2425 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है, जिसमें राज्य शासन द्वारा 175 रुपए प्रति क्विंटल बोनस दिए जाने से किसानों को कुल 2600 रुपए प्रति क्विंटल की दर से भुगतान किया जाएगा। कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर जिले के किसानों की सुविधा एवं सुरक्षित भंडारण और परिवहन की सुगमता को ध्यान में रखते हुए जिले में कुल 85 उपार्जन केंद्रों का निर्धारण किया गया है। जिसमें से 72 उपार्जन केन्द्र बना दिये गए है तथा शेष की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। एमपी ई-उपार्जन पोर्टल के अनुसार समर्थन मूल्य पर गेहूं विक्रय हेतु जिले में कुल 36 हजार 977 किसानों ने पंजीयन कराया है। जिसका कुल रकबा 81260.11 हेक्टेयर है। इनमें तहसील बहोरीबंद के 7936, ढीमरखेड़ा के 6071, रीठी के 4683, विजयराघवगढ़ के 4530, बड़वारा के 3804, स्लीमनाबाद के 3314, बरही के 2527, कटनी नगर के 2075 और तहसल कटनी के 2039 किसान शामिल हैं। गेहूँ उपार्जन हेतु किसान भाई 31 मार्च तक अभी पंजीयन करा सकेंगें।

# हरकेश चौधरी की फार्मर आई.डी की समस्या का आसानी से हुआ निराकरण



**कटनी।** कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर जिले के कृषकों एवं आमजनो राजस्व विभाग की फार्मर आई.डी जैसी समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए जिले भर में शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। कटनी जिले के ग्राम कन्हवार निवासी कृषक हरकेश चौधरी का मंगलवार को ग्राम कन्हवारा में आयोजित शिविर के दौरान बड़ी सरलता से फार्मर आई.डी का कार्य पूर्ण हो गया है। इसके लिए कृषक हरकेश नें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव तथा जिला प्रशासन के प्रति आभार प्रकट किया है। हरकेश बताते है कि उन्हें इस कार्य के लिए यहां-वहां कहीं भटकना नहीं पड़ा और अब उन्हे भविष्य में शासकीय योजनाओं का लाभ भी आसानी से प्राप्त हो सकेगा। इस हेतु उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को धन्यवाद अभिव्यक्त किया है। उल्लेखनीय है कि भारत सरकार के निदेर्शानुसार प्रधानमंत्री सम्मान निधि योजना हेतु फार्मर रजिस्ट्री अनिवार्य है, दिसंबर 2024 के उपरांत केवल फार्मर आईडी उपलब्ध होने पर ही योजना का लाभ हितग्राहियों को प्राप्त हो सकेगा। फार्मर आईडी होने से योजनाओं का नियोजन लाभार्थियों का सत्यापन, कृषि उत्पादों का सुविधाजनक होगा। प्रदेश के समस्त कृषकों को राज्य की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सुगम एवं पारदर्शी तरीके से प्रदान होने के साथ ही लक्ष्य निर्धारण एवं पहचान भी हो सकेगी। किसानों के लिए कृषि ऋण एवं अन्य सेवा प्रदाताओं के लिए कृषि सेवाओं की सुगमता होगी। विभिन्न विभागों द्वारा डाटा का बेहतर उपयोग। इसके साथ ही फार्मर रजिस्ट्री होने से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना हेतु फार्मर रजिस्ट्री की अनिवार्यता की शर्त पूर्णता के साथ हितग्राहियों को लाभ प्राप्त करने में सुगमता। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना सैचुरेशन हो सकेगा। फसल बीमा योजना का लाभ प्राप्त करने में सुगमता होगी। न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद में कृषकों के पंजीयन में सुगमता होगी।विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ प्राप्त करने हेतु बार-बार सत्यापन की आवश्यकता नहीं होगी।

## वास्तु के नियमों को न करें अनदेखा

# घर में है अगर अटैच्ड बाथरूम तो ना करें ये गलतियां हो जाएंगे कंगाल



घरों में सुविधा के लिए अटैच्ड बाथरूम बनवाए जाते हैं. वास्तु के अनुसार घर में अटैच्ड लैट-बाथ बनवाते समय कुछ बातों का ध्यान जरूर रखें. जानते हैं इसके बारे में.वास्तु शास्त्र के अनुसार घर की हर एक दिशा में कोई ना कोई ऊर्जा जरूर होती है. यहां तक कि घर में रखे वस्तुओं की भी अपनी एक ऊर्जा है. जिसका असर घर के सदस्यों पर पड़ता है. वास्तु में घर के हर एक कमरे की निश्चित दिशा तय की गई है क्योंकि वहां से निकलने वाली ऊर्जा पूरे घर पर अपना प्रभाव छोड़ती है. आजकल के घरों में अटैच्ड बाथरूम बनवाए जाते हैं. वास्तु के अनुसार अगर आप भी अपने घर में अटैच्ड लैट-बाथ बनवा रहे हैं तो कुछ बातों का ध्यान जरूर रखें. आइए जानते हैं इसके बारे में.

### अटैच्ड बाथरूम बनवाते समय रखें इन बातों का ध्यान

आम तौर पर घर के बेडरूम में ही अटैच्ड बाथरुम बनवाए जाते हैं. ऐसे में बेडरूम के साथ लगे होने की वजह से इसका असर पति-पत्नी के रिश्तों पर भी पड़ता है. सोते समय इस बात का ध्यान रखें कि आपका पैर बाथरूम की तरफ न हों. वास्तु शास्त्र के अनुसार इससे पति-पत्नी के बीच झगड़े बढ़ने लगते हैं.

बात-बात पर बहस होती है. कभी-कभी बात इतनी बढ़ जाती है कि तलाक की नौबत आ जाती है. घर की आर्थिक स्थिति भी इससे बिगड़ने लगती है. सोते समय बाथरूम का दरवाजा भी हमेशा बंद रखें.


इस उपाय से मिलेगी राहत

अटैच्ड बाथरूम के कारण घर में अक्सर वास्तु दोष हो जाता है. इस वास्तु दोष को दूर करने के लिए अपने बाथरूम में कांच की एक कटोरी रखें और इसमें सेंधा नमक भर लें. इसे एक सप्ताह तक बाथरूम में वैसे ही रखा रहने दें. इसके बाद उस नमक को सिंक में फ्लश कर दें और फिर कटोरी में दूसरा नमक भर कर रख दें.

इस उपाय से बाथरूम से जुड़े वास्तु दोष खत्म होते हैं. इसके अलावा कोई भी बाथरूम हो, उसकी टॉयलेट सीट हमेशा बंद रखनी चाहिए क्योंकि इससे नेगेटिव एनर्जी निकलती है और आर्थिक नुकसान होता है. इसलिए टॉयलेट सीट को हमेशा ढका हुआ रखना चाहिए.

## रात में नहीं बदलनी पड़ेंगी करवटें

# अच्छी नींद के लिए सोने से पहले तकिए के नीचे रख दें इनमें से कोई एक चीज



रात में नींद न आने के कई कारण हो सकते हैं. लेकिन कुछ उपायों की मदद से इस समस्या से छुटकारा पाया जा सकता है. इसके लिए आपको सोने से पहले बस तकिए के नीचे कुछ खास चीज रखने की जरूरत है. नींद का सीधा संबंध हमारे मस्तिष्क और शरीर से होता है. इसलिए हर व्यक्ति के लिए नींद बहुत जरूरी है. डॉक्टर भी 7-8 घंटे की पर्याप्त नींद लेने की सलाह देते हैं. लेकिन आजकल की भागदौड़ भरी जिंदगी और तनाव आदि कारणों से व्यक्ति चैन की नींद ही नहीं सो पाता है और इसका नजीता यह होता है कि आप अपने कार्यों को एकाग्रता से नहीं कर पाते हैं. नींद न आने के कई कारण हो सकते हैं, जैसे अत्यधिक थकान, चिंता-तनाव, शारीरिक कमजोरी, बीमारी, दिन में सोना आदि. लेकिन इसका मुख्य कारण वास्तु दोष भी हो सकता है. वास्तु और ज्योतिष शास्त्र में कुछ ऐसे उपायों के बारे में बताया गया है, जिसे करने के बाद आप चैन-सुकून की नींद पा सकते हैं. वास्तु में कुछ खास चीजों के बारे में बताया गया है. इनमें से किसी एक चीज को तकिए के नीचे रख देने से आपको अच्छी नींद आएगी.

ज्योतिष के अनुसार, यदि रात में नींद नहीं आती, बुरे सपने आते हैं या अज्ञात भय के कारण सोने में परेशानी होती है तो, सोने से पहले गीता या सुंदरकांड का पाठ करें और इसे अपने तकिए के नीचे रख कर सोएं. इससे नींद न आने की समस्या दूर होगी और आपको बेहतर नींद आएगी.

नींद न आने की समस्या का कारण राहु दोष भी हो सकता है. ज्योतिष के अनुसार, यदि आपको कोई शारीरिक परेशानी नहीं है फिर भी आपको नींद नहीं आती और इस समस्या से लंबे समय से परेशान हैं तो सोते समय अपने तकिए के नीचे एक मूली रख लीजिए. सुबह स्नानादि करने के बाद इस मूली को शिवलिंग पर चढ़ा दें. इस उपाय को करने से राहु दोष दूर होता है और अनिद्रा की समस्या का भी समाधान होता है.

वास्तु शास्त्र के अनुसार, घर पर नकारात्मक ऊर्जा होने से भी नींद में बाधा उत्पन्न होती है. इसके लिए सोने से पहले अपने तकिए नीचे कोई लोहे की वस्तु रखें. इससे नकारात्मक ऊर्जा आपसे दूर रहेंगी.

अच्छी नींद के लिए फूलों को भी महत्वपूर्ण माना गया है. आप सुंगधित फूल भगवान को पूजा में अर्पित करें और इसके बाद इस फूल को तकिए के नीचे रखकर सोएं.

भय, तनाव और चिंता के कारण यदि नींद नहीं आती है तो सोने से पहले दुर्गा सप्तदशी का पाठ करें और इसे सिरहाने रखकर सोएं. इससे मानसिक शांति मिलती है.

लहसुन को सौभाग्य का प्रतीक माना गया है. तकिए के नीचे लहसुन रखने से सकारात्मक ऊर्जा का संचार बढ़ता है और इससे अच्छी नींद आती है.

## क्या कहते आपके सितारे




**मेष**

मेष- आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। जीवनसाथी को आप किसी नए बिजनेस की शुरुआत कर सकते हैं। आपके परिवार के किसी सदस्य के स्वास्थ्य में अकस्मात गिरावट आने से आपकी भागदौड़ लगी रहेगी। आपको अपने आर्थिक प्रयासों में तेजी लानी होगी। आप किसी पूजा-पाठ आदि का अपने घर में आयोजन कर सकते हैं। आप किसी की कहीसुनी बातों पर भरोसा बिल्कुल ना करें।




**वृषभ**

वृषभ- आज का दिन आपके लिए पारिवारिक रिश्तों में मजबूती लेकर आएगा। आपकी आय के सोर्स बढ़ेंगे। आप अपनी जरूरत की आवश्यकताओं की पूर्ति आसानी से कर सकेंगे, लेकिन आप पारिवारिक कामों को कल पर न टालें। आपके घर के किसी सदस्य को आज सम्मान की प्राप्ति हो सकती हैं। सरकारी नौकरी में कार्यरत लोगों को प्रमोशन मिलेगा। विद्यार्थियों के उच्च शिक्षा के मार्ग प्रशस्त होंगे।




**मिथुन**

मिथुन- आज का दिन नौकरीपेशा जातकों के लिए अच्छा रहने वाला है। आपको आज कुछ कर्ज उतारने में कठिनाइयां आएंगी। आपकी सेहत में उतार-चढ़ाव रहने से आपका मन परेशान रहेगा। सामाजिक कार्यक्रमों में आप बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे। गृहस्थ जीवन जी रहे लोगों की अपने साथी से खटपट होने की संभावना है। आप किसी से मांगकर वाहन ना चलाएं, नहीं तो कोई दुर्घटना होने की संभावना है।




**कर्क**

कर्क- आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। आप अपने कामों में कुछ बदलाव करेंगे, तो आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आप किसी नई संपत्ति भूमि-वाहन आदि की खरीदारी करने की प्लानिंग कर सकते हैं। आपके घर किसी अतिथि का आगमन हो सकता है। आपको अपने भाइयों से संपत्ति को लेकर लड़ाई-झगड़ा होने की संभावना है। आपके घर किसी मांगलिक कार्यक्रम की तैयारी शुरू हो सकती हैं।




**सिंह**

सिंह- आज के दिन आपके लिए अपने आसपास रह रहे विरोधियों से सावधान रहने के लिए रहेगा। आपको अनजान लोगों से दूरी बनाकर रखनी होगी। आपके बिजनेस में आपको कोई सरकारी टेंडर मिल सकता है। आप कुछ नई योजनाओं को शामिल करेंगे। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी होने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। वरिष्ठ सदस्यों का आपको पूरा सहयोग मिलेगा। आपको कोई निवेश बहुत ही सोच समझकर करना होगा।




**कन्या**

कन्या- आज का दिन आपके लिए उलझनों से भरा रहने वाला है। आपको एक साथ कई काम हाथ लगने से आपकी व्याकाग्रता बढ़ेगी। आपको मन में चल रही उलझनों पूरा ध्यान देना होगा। कोई पुराना लेनदेन चुकता होगा। आप किसी प्रतियोगिता में सोच समझकर हाथ बढ़ाएं। माता-पिता के आशीर्वाद से आपका कोई रुका हुआ काम पूरा होगा। आपकी आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर रहेगी।




**तुला**

तुला- आज का दिन आपके लिए अकस्मात लाभ दिलाने वाला रहेगा। दोस्तों के साथ आप कुछ समय मौज-मस्ती करने में व्यतीत करेंगे। आपको अपने बिजनेस में चल रही समस्याओं का समाधान ढूंढना होगा। भाई-बहनों से रिश्ते में यदि कुछ अनबन चल रही थी, तो वह भी दूर होगी। आप अपने घर के रिनोवेशन पर भी अच्छा खासा धन खर्च करेंगे। आपको कुछ ईर्ष्यालु और झगड़ालु लोगों से दूरी बनाकर रखना बेहतर रहेगा।




**वृश्चिक**

वृश्चिक- आज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहने वाला है। आपको किसी दूर रह रहे परिजन से कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। पारिवारिक बिजनेस में कामों में आप कोई बदलाव करने के बारे में सोच विचारकर सकते हैं। आपको किसी दूर रहे परिजन की याद सता सकती है। आपका कोई नया शेयर मार्केट इन्वेस्टमेंट कर सकते हैं। आप किसी प्रॉपर्टी की डील को लेकर यदि परेशान थे, तो वह भी फाइनल होगी।




**धनु**

धनु- आज के दिन आपकी निर्णय लेने की क्षमता बेहतर रहेगी। आपको मित्रों और रिश्तेदारों का पूरा सहयोग मिलेगा। सामाजिक क्षेत्रों से जुड़कर आप अच्छा नाम कमाएंगे। आपको किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मिलकर खुशी होगी। विद्यार्थियों को बौद्धिक व मानसिक बोझ से छुटकारा मिलेगा। आपको अपने माता-पिता की सेवा के लिए भी कुछ समय निकालना होगा। आप अपने कामों को किसी दूसरे पर ना छोड़े, तो उन्हें पूरा करने में समस्या आएगी।




**मकर**

मकर- आज का दिन आपके लिए इनकम के सोर्स को बढ़ाने वाला रहेगा। आपका कोई कानूनी मामला आपके लिए खुशियां लेकर आ सकता है। धर्म के कार्य में भी आप काफी ध्यान देंगे, जिससे आपके मन को सुकून मिलेगा। संतान किसी प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करके आपको अच्छा लाभ देगी। आपको किसी सरकारी योजना का पूरा लाभ मिलेगा। जीवनसाथी को लेकर आप कहीं बाहर घूमाने-फिराने लेकर जा सकते हैं।




**कुंभ**


कुंभ- आज का दिन आपके लिए लंबे समय से रुके हुए कामों को पूरा करने के लिए रहेगा। आप किसी यात्रा पर जाएं, तो वाहनों का प्रयोग सावधान रहकर करें, जिससे रुके हुए धन की आपको प्राप्ति हो सकती है। यदि आपकी कोई प्रिय व मूल्यवान वस्तु खो गई थी, तो उसके आपको मिलने की पूरी संभावना है। भौतिक सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी। आप अपने खर्चो को लेकर थोड़ा सा सतर्क रहे। आपकी संतान आपकी उम्मीदों पर खरी उतरेगी।




**मीन**

मीन- आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है, लेकिन आप अपनी सेहत पर पूरा ध्यान दें। संतान के करियर को लेकर आपको थोड़ी टेंशन रहने वाली है, जिसके लिए आप उन्हें कुछ एग्जाम की तैयारी भी करवाएंगे। आप अपने वैवाहिक जीवन में नवीनता ला सके, तो आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आप अच्छी सोच से कार्यक्षेत्र में किसी विपरीत परिस्थिति के बाद भी माहौल को सामान्य बनाने में कामयाब रहेंगे। आप परिवार के सदस्यों के साथ किसी मांगलिक कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे।

# चैत्र नवरात्रि पर घटस्थापना के लिए महज 50 मिनट का शुभ समय, जानें कब करें कलश स्थापना



चैत्र नवरात्रि का आरंभ 30 मार्च से हो रहा है। नवरात्रि के पहले दिन घटस्थापना की जाती है। इस बार घटस्थापना के लिए महज 50 मिनट का शुभ समय है। आइए जानते हैं चैत्र नवरात्रि के पहले दिन घटस्थापना का शुभ मुहूर्त कब से कब तक रहेगा।चैत्र शुक्ल प्रतिपदा तिथि से चैत्र नवरात्रि का आरंभ होने जा रहा है। इस बार पहला नवरात्रि व्रत 30 मार्च को है। नवरात्रि के पहले दिन घटस्थापना की जाती है। घटस्थापना के साथ ही देवी का आवाहन किया जाता है। घटस्थापना के साथ ही मां दुर्गा का वास अगले 9 दिनों के लिए घर में हो जाता है। चैत्र नवरात्रि में मां दुर्गा के अलग अलग 9 रूपों की पूजा की जाती है। नवरात्रि के पहले दिन 30 मार्च को घटस्थापना के लिए शुभ मुहूर्त का समय कब से कब तक रहेगा।

श्रीमद्देवी भागवत पुराण के अनुसार, देवी का आवाहन सुबह के समय किया जाता है। घटस्थापना को चित्रा नक्षत्र और वैधृति योग को करना भी वर्जित माना जाता है। 30 मार्च 2025 को सुबह चैत्र शुक्ल प्रतिपदा उदय व्यापिनी है। इसलिए इस दिन ही घटस्थापना की जाएगी।

चैत्र नवरात्रि 2025 घटस्थापना का शुभ मुहूर्त

शास्त्रों के अनुसार, अभिजीत मुहूर्त में घटस्थापना करना सबसे उत्तम माना जाता है। 30 मार्च रविवार को अभिजीत मुहूर्त सुबह में 12 बजकर 1 मिनट से 1 बजकर 50 मिनट तक रहेगा। ऐसे में घटस्थापना के लिए 50 मिनट का यह मुहूर्त सबसे शुभ रहेगा।

नवरात्रि के पहले दिन घटस्थापना करने के साथ ही मां दुर्गा का पूजन किया जाता है। मान्यता के अनुसार, दुर्गा उपासना द्विस्वभाव लग्न में मां दुर्गा की उपासना करना अच्छा माना जाता है। द्विस्वभाव लग्न मीन में घटस्थापना करना श्रेष्ठ माना जाता है। इसलिए सुबह 6 बजकर 3 मिनट से 7 बजकर 9 मिनट तक का समय भी घटस्थापना के लिए अच्छा रहेगा।

क्यों की जाती है घटस्थापना

कलश को तीर्थों का प्रतीक माना जाता है। ऐसे में कलश स्थापना करने के साथ ही देवी देवताओं का आवाहन किया जाता है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, कलश के अलग अलग भागों में त्रिदेवों का वास होता है। कलश के मुख पर भगवान विष्णु, कंठ पर भगवान शिव और मूल में ब्रह्माजी का स्थान माना गया है। कलश के मध्य भाग में मातृ शक्तियों का निवास होता है। इसलिए नवरात्रि के पहले दिन घटस्थापना करने के साथ ही देवी देवताओं को घर में निमंत्रण दिया जाता है।

# सिंगिंग डेब्यू पर मन्नारा चोपड़ा बोलीं, संगीत मेरे दिल के करीब



अभिनेत्री, बिग बॉस की पूर्व कंटेस्टेंट मन्नारा चोपड़ा सिंगिंग में डेब्यू करने के लिए तैयार हैं। अजीब दास्तान में वह अपनी आवाज देती नजर आएंगी। गाने को आवाज देने के साथ ही मन्नारा ने म्यूजिक वीडियो के कुछ हिस्सों का निर्देशन भी किया है, जिसमें न्यूयॉर्क शहर की शानदार पृष्ठभूमि पर तैयार पुरानी दुनिया की धुनों के आकर्षण को खूबसूरती से दिखाया गया है। इस नए काम को लेकर उत्साहित मन्नारा ने कहा, संगीत हमेशा मेरे दिल के करीब रहा है। यह गीत इसलिए खास है, क्योंकि इसमें क्लासिक्स के प्रति मेरे प्यार को मेरे अपने कलात्मक स्पर्श के साथ मिलाया गया है। मैं कुछ ऐसा बनाना चाहती थी, जो व्यक्तिगत होने के साथ-साथ यूनिवर्सल भी लगे और मुझे उम्मीद है कि लोग इससे उसी तरह जुड़ेंगे, जैसे मैं जुड़ती आई हूं। अजीब दास्तान है ये मूल रूप से 1960 की फिल्म दिल अपना और प्रीत पराई से है, जिसमें मीना कुमारी, राजकुमार, जे. ओम प्रकाश, नादिरा, हेलेन और नाज ने अभिनय किया। इस गाने को दिवंगत गायिका लता मंगेशकर ने गाया है और इसे शैलेंद्र ने लिखा है। 33 वर्षीय अभिनेत्री मन्नारा का जन्म हरियाणा के अंबाला कैंटोनमेंट में हुआ था, उन्होंने 40 से अधिक विज्ञापनों में काम किया है। अभिनय की शुरुआत से पहले वह एक फैशन डिजाइनर और सहायक कोरियोग्राफर के रूप में भी काम कर चुकी हैं। उन्होंने हिप हॉप और बेली डांसिंग जैसे नृत्य रूपों में प्रशिक्षण लिया। मन्नारा ने 2014 में अभिनय की दुनिया में कदम रखा और तेलुगू, तमिल, हिंदी और कन्नड़ जैसी विभिन्न भाषाओं की फिल्मों में काम किया। उन्होंने श्रीराम चंद्रा के साथ 2014 की तेलुगू फिल्म प्रेमा गीमा जंता नाई से अपने अभिनय की शुरुआत की।

उन्होंने अनुभव सिन्हा की जिद से हिंदी में शुरुआत की, जिसमें उनके साथ करणवीर शर्मा भी थे। 2015 में चोपड़ा ने दो तमिल फिल्मों के एक गाने में विशेष भूमिका निभाई थी। मन्नारा थिक्का में साई धरम तेज के साथ मुख्य भूमिका भी निभाई। मन्नारा 2017 में रॉग से कन्नड़ फिल्म में डेब्यू कर चुकी हैं। वह साल 2023 में सलमान खान के शो बिग बॉस के 17वें सीजन में शामिल हुई थीं।



# क्या भूत बंगला में अक्षय के साथ स्क्रीन शेयर करने वाले हैं राम चरण

अक्षय कुमार और मशहूर निर्देशक प्रियदर्शन की हॉरर कॉमेडी फिल्म भूत बंगला इन दिनों सुर्खियों में है। फिल्म की शूटिंग जोरों पर चल रही है। हाल ही में इसका एक शेड्यूल जयपुर मैनशन में पूरा हुआ है। इस लोकेशन पर फिल्म की कई अहम सीन फिल्माए गए हैं। इस बीच एक चौंकाने वाली खबर ने फैंस का ध्यान खींचा। साउथ के सुपरस्टार राम चरण की एक तस्वीर फिल्म के सेट से लीक हो गई है, जिसके बाद सोशल मीडिया पर हलचल मच गई है।

## लीक हुई राम चरण की तस्वीर

लीक हुई तस्वीर में राम चरण को प्रियदर्शन के साथ बातचीत करते देखा गया। दोनों के बीच गहरी चर्चा चल रही थी। कुछ लोग कह रहे हैं कि शायद वे किसी सीन को लेकर बात कर रहे थे। वहीं, कुछ का मानना है कि यह महज एक संयोग हो सकता है। हो सकता है कि राम चरण पास में किसी दूसरी फिल्म की शूटिंग कर रहे हों और प्रियदर्शन से मिलने चले आए हों।

## अक्षय-राम चरण साथ आएंगे नजर?

इस तस्वीर के बाद फैंस के मन में एक ही सवाल गूंज रहा है कि क्या अक्षय कुमार और राम चरण साथ में स्क्रीन शेयर करने वाले हैं? अगर ऐसा हुआ तो यह बड़े पर्दे पर बड़ा पैन-इंडिया धमाका होगा। हालांकि, अभी तक इस बारे में कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। लेकिन उम्मीद की जा रही है कि फिल्म के रिलीज के साथ कोई बड़ा सरप्राइज सामने आ सकता है।

## ये सितारे भी हैं फिल्म में मौजूद

प्रियदर्शन के निर्देशन में बन रही भूत बंगला में अक्षय कुमार मुख्य भूमिका में हैं। उनके साथ इस फिल्म में परेश रावल, वामिका गब्बी, तब्बू, राजपाल यादव और जिशु सेनगुप्ता जैसे शानदार कलाकार भी नजर आएंगे। फिल्म में हॉरर के साथ कॉमेडी का तड़का भी देखने को मिलेगा। यह फिल्म 2 अप्रैल, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

वर्क फ्रंट की बात करें तो हाल ही में अक्षय कुमार को फिल्म स्काई फोर्स में देखा गया था। यह इस साल की पहली 100 करोड़ रुपये कमाने वाली हिंदी फिल्म थी। वहीं, राम चरण को गेम चेंजर नाम की फिल्म में देखा गया था। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कमाल नहीं दिखा सकी थी।

# जिंदगी जीने के तरीके को लेकर तमन्ना भाटिया का बड़ा खुलासा



बॉलीवुड अभिनेत्री तमन्ना भाटिया अपनी खूबसूरती और बेबाकी के लिए जानी जाती हैं। अपने कथित बॉयफ्रेंड विजय वर्मा से ब्रेकअप की अफवाहों के बाद अब तमन्ना भाटिया ने अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर कुछ खुलासे किए हैं, जो उनके लिए काफी निजी तौर पर मायने रखते हैं। कथित तौर पर तमन्ना भाटिया और विजय वर्मा के बारे में यही खबरें आ रही थीं कि वे कुछ समय तक एक-दूसरे के साथ रिश्ते में रहने के बाद अब अलग हो गए हैं। हालांकि, अभी तक दोनों में से किसी ने भी इस बात की पुष्टि नहीं की है। लोगों का कहना है कि तमन्ना शादी करना चाहती थीं, लेकिन विजय अपने करियर पर ध्यान देना चाहते थे। खबर के मुताबिक, तमन्ना ने हाल ही में अपनी निजी जिंदगी के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि वह अपनी निजी बातों को सबसे छुपाकर रखती हैं और केवल वही बताती हैं, जो उन्हें ठीक लगता है। जब उनसे पूछा गया कि वह अपनी निजी जिंदगी को कैसे छुपाती हैं, तो उन्होंने कहा कि उन्हें लोगों से मिलना-जुलना पसंद है। वह एयरपोर्ट पर भी फैंस के साथ खुशी-खुशी तस्वीरें खिंचवातीं हैं। उनका कहना है कि उन्होंने यह काम चुना है और उन्हें लोगों के बीच रहना अच्छा लगता है। तमन्ना को अजनबियों से बात करना भी पसंद है। उनका मानना है कि इससे उन्हें गहरी बातचीत करने का मौका मिलता है। वह कहती हैं कि वह अपनी जिंदगी के बारे में जितना बताना चाहती हैं, उतना ही बताती हैं और उन्हें इससे कोई परेशानी नहीं है।



# हर इंडस्ट्री में मौजूद है जेंडर आधारित भेदभाव

एक्ट्रेस पूजा हेगड़े ने इंडस्ट्री में महिला कलाकारों के साथ होने वाली लैंगिक भेदभाव पर बात की है। पूजा ने अपने साथ हुए कुछ अनुभवों को भी शेयर किया है। एक इंटरव्यू में एक्ट्रेस से पूछा गया कि क्या उन्हें कभी भी किसी मेल को-एक्टर से परेशानी हुई है? जवाब में वो कहती हैं- 'यह सभी इंडस्ट्री में होता है लेकिन अलग-अलग स्तर पर। इनमें से कुछ बहुत ही खुले रूप में है और कुछ बहुत ही शटल तरीके में। छोटी-छोटी चीजें होती हैं। जैसे कि मेल एक्टर की वैनिटी वैन सेट के पास खड़ी होती है। जबकि हमें अपने लहंगे को उठाकर दूर तक चलाना पड़ता है।' मैं कभी-कभी सोचती हूं, हमारे बारे में भी सोचो। हमें इतनी भारी भरकम कपड़ों में अपने वैन तक पहुंचने के लिए खुद को घसीटना पड़ता है। ये एक शटल सेक्सिज्म है। यह भी हो सकता है कि आपका नाम पोस्टर में न हो। कभी-कभी आपको क्रेडिट तक नहीं दिया जाता, जबकि भले ही फिल्म लव स्टोरी ही क्यों न हो? हम सबको समझना होगा कि फिल्म बनाना एक कलेक्टिव एफर्ट है। पूजा आगे कहती हैं कि उन्होंने कई ऐसे मेल को-स्टार के साथ काम किया है, जिन्होंने दशकों की मेहनत से अपनी पहचान बनाई है। लेकिन जहां टेक्निकली वो बड़ी स्टार रही हैं, उन्हें वहां भी सेट पर दूसरे दर्जे का एहसास कराया गया है।

पूजा के काम की बात करें तो इन्होंने तमिल, तेलगु और हिंदी तीनों इंडस्ट्री में काम किया है। पूजा मिस यूनिवर्स इंडिया 2010 की रनर अप भी रह चुकी हैं। 2012 में तमिल फिल्म से अपने करियर की शुरुआत की थी। हाल में शाहिद कपूर के साथ इनकी फिल्म 'देवा' रिलीज हुई थी। इस फिल्म में एक्ट्रेस ने एक जर्नलिस्ट की भूमिका निभाई थी।

# राहुल बोस ने खुद को बताया स्टारलेट



आपको 2003 में आई फिल्म 'चमेली' तो याद ही होगी। फिल्म में करीना कपूर के साथ राहुल बोस मुख्य भूमिका में नजर आए थे। हालांकि, राहुल बोस का ये मानना है कि उस फिल्म की प्रमुख स्टार करीना कपूर ही थीं। साथ ही अभिनेता ने ये भी बताया कि फिल्म की उनकी फीस करीना को मिली फीस का एक छोटा सा हिस्सा मात्र थी।

अभिनेता राहुल बोस ने बॉलीवुड में वित्तीय असमानता पर भी खुलकर बात की। अभिनेता ने कहा, पुरुष अभिनेताओं ने भी वर्षों से स्टारलेट की भूमिका निभाई है। मैं खुद इसका एक उदाहरण हूं। फिल्म 'चमेली' में मैं स्टारलेट था और करीना स्टार थीं। वो आज भी मुझसे ज्यादा लोगों को थिएटर में ला सकती हैं।

अभिनेता ने आगे कहा, फिल्म 'चमेली' में मुझे करीना के मुकाले कम पैसे मिले थे। जो कि तार्किक भी है। जो लोग ज्यादा लोगों को थिएटर में बुला सकते हैं, बेहतर होगा कि उनके अनुपात का ध्यान भी रखा जाए और ऐसा हुआ भी है। यह पैटर्न कायम रहा, क्योंकि मैं कभी भी ऐसा अभिनेता नहीं था जो दर्शकों को सिनेमाघरों तक ले आए।

राहुल बोस ने आगे पैसों के भुगतान के मामले पर बात करते हुए कहा, मुझे बॉलीवुड में पैसों के भुगतान का पैट्रेन सही लगता है। यहां कलाकार की कमाई उसके बॉक्स ऑफिस अपील पर टिकी होती है। जो जितने लोगों को थिएटर में ला सकता है, उसे उस हिसाब से भुगतान किया जाएगा। खुद दो फिल्मों का निर्माण करने के बाद अभिनेता ने ये महसूस किया है कि उन्होंने खुद को जितना भुगतान किया, उससे ज्यादा नहीं किया होता। लैंगिक वेतन असमानता पर बहस को खारिज करते हुए, उन्होंने कहा कि प्रणाली सीधी है, अगर कोई अभिनेता राजस्व लाता है, तो वे अधिक कमाते हैं, यदि नहीं, तो उनका वेतन इसे दर्शाता है।

# कंटेंट वाली फिल्मों को लेकर एकता कपूर की खरी-खरी

ब्रिटिश वेब सीरीज एडोलसेंस इस समय काफी चर्चा में है। अनुराग कश्यप और हंसल मेहता सहित कई अभिनेताओं और फिल्म निर्माताओं ने इस सीरीज की प्रशंसा की है। निर्माता एकता कपूर ने अपने साथी फिल्म निर्माताओं के विचारों पर अपनी राय रखी। एकता ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर एक सीरीज शेयर की। उन्होंने लिखा कि भारत में क्वालिटी कंटेंट क्यों संघर्ष करता है? उन्होंने सवाल किया कि क्या समस्या फिल्म निर्माताओं के साथ थी या दर्शकों के साथ? एकता ने लिखा, सुपरबॉयज ऑफ मालेगांव और मेरे प्यारे दोस्त हंसल मेहता की बकिंघम मर्डर्स सिनेमाघरों में नहीं चलती तो क्या हम असली दोषियों को दोष दे सकते हैं? एकता कपूर ने क्रिप्टिक पोस्ट लिखते हुए कहा कि भारतीय फिल्म निर्माताओं को जोखिम लेने और परियोजनाओं में अपना पैसा निवेश करने की जरूरत है। एकता कपूर ने क्रिएटर्स को कंटेंट वाली फिल्मों में अपना पैसा लगाने का आग्रह किया, उन्होंने कहा, क्रिएटर्स मैं आपसे सिस्टम से लड़ने का आग्रह करती हूं, ये पैसे के भूखे, कॉर्पोरेट स्टूडियो और ऐप्स केवल पैसे (मैं भी शामिल हूं) और नंबरों के बारे में सोचते हैं! मूवी मेकिंग, कंटेंट क्रिएशन कोई बिजनेस नहीं है। यह एक कला है और मैं कला का समर्थन करना चाहता हूं, इसलिए मैं क्रिएटर्स से अपना पैसा लगाने का आग्रह करता हूं।



# पंजाबी फिल्म को बॉलीवुड से जोड़ने पर हिना खान ने की गिप्पी ग्रेवाल की तारीफ



अभिनेत्री हिना खान ने हाल ही में पंजाबी फिल्म इंडस्ट्री और बॉलीवुड के बीच की खाई को पाटने के लिए अभिनेता और गायक गिप्पी ग्रेवाल की प्रशंसा करने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया। गिप्पी की अपकमिंग एक्शन फिल्म 'अकाल' दुनिया भर के सिनेमाघरों में हिंदी में रिलीज होने वाली पहली पंजाबी फिल्म होगी। करण जौहर की धर्मा प्रोडक्शंस आगामी पंजाबी फिल्म का हिंदी वर्जन प्रस्तुत कर रही है। हिना ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक भावुक नोट शेयर किया, जिसमें उन्होंने गिप्पी और उनके परिवार के साथ अपने हालिया मुलाकात की तस्वीरें शेयर कीं। कुछ तस्वीरों में अभिनेत्री गिप्पी के बेटे गुरफतेह सिंह ग्रेवाल (शिंदा) के साथ पोज देती नजर आईं।

हिना ने पोस्ट के साथ कैप्शन में लिखा, पिछली रात मैं अपने परिवार से मिली, जो हमेशा मेरे साथ रहे हैं... गिप्पी आप एक प्योर सोल हैं और आपका दिल गोल्डन है। इसके साथ ही हिना ने रवनीत के लिए खूबसूरत लाइन्स लिखी, उन्होंने कहा, रवनीत आपको जैसे ही मेरे इलाज के बारे में पता चला, आप तभी से मेरे बारे में पूछती रहीं और हालचाल लेती रहीं। आपने कभी भी मेरा हालचाल पूछना बंद नहीं किया और अपनी सर्जरी से ठीक पहले आपके द्वारा मेरे लिए रखे खास पथ और अरदास को मैं कभी नहीं भूल सकती।

अभिनेत्री ने कहा, मेरा इस परिवार के साथ एक बहुत ही खास रिश्ता है.. यह परिवार हमेशा प्यार और खुशी के साथ फलता-फूलता रहे। गिप्पी को पंजाबी फिल्म इंडस्ट्री को बॉलीवुड के साथ जोड़ने के लिए बहुत-बहुत बधाई और 'अकाल' के लिए शुभकामनाएं। तुसी तो छा गए, ढेर सारा प्यार हमेशा। बता दें, गिप्पी ग्रेवाल न केवल अकाल में अभिनय कर रहे हैं, बल्कि प्रोजेक्ट के निर्देशक और लेखक के रूप में भी हैं। फिल्म में निमरत खैरा, अपिंदरदीप सिंह, मीता वशिष्ठ, प्रिंस कंवलजीत सिंह, निकितिन धीर, गुरप्रीत घुग्गी, शिंदा ग्रेवाल, एकोम ग्रेवाल और जग्गी सिंह जैसे कलाकार अहम भूमिकाओं में हैं।


'अकाल' 10 अप्रैल, 2025 को पंजाबी और हिंदी में सिनेमाघरों में रिलीज होगी। करण जौहर 'अकाल' के साथ पंजाबी फिल्म में डेब्यू करने जा रहे हैं। रण जौहर ने इस प्रोजेक्ट से जुड़ने पर गर्व व्यक्त करते हुए एक भावुक नोट शेयर किया। उन्होंने लिखा, पंजाबी सिनेमा में शुरुआत के साथ टैलेंटेड गिप्पी ग्रेवाल संग जुड़ने पर गर्व है। अकाल न केवल पंजाब की संस्कृति और इतिहास का प्रतिनिधित्व करता है, बल्कि मुझे विश्वास है कि यह पूरे भारत और उससे परे के लोगों के साथ गहरे स्तर पर जुड़ सकेगा। यही वजह है कि हमें अकाल को दुनिया भर के सिनेमाघरों में हिंदी में रिलीज होने वाली पहली पंजाबी फिल्म के रूप में पेश करने पर और भी गर्व है...ताकि सिनेमा का जादू सीमाओं से परे भी जीतता रहे।



# कॉमेडी फिल्म में साथ नजर आएंगे अक्षय कुमार-जॉन अब्राहम? क्या है सच

जॉन अब्राहम ने हाल ही में कॉमेडी फिल्म के लिए अपने अभिनेता अक्षय कुमार के साथ रियूनियन का संकेत दिया है। इससे पहले यह जोड़ी गरम मसाला और देसी बॉयज सहित कई प्रतिष्ठित कॉमेडी फिल्मों में स्क्रीन स्पेस साझा कर चुकी है। जॉन से दोनों फिल्मों के सीक्वल की संभावना के बारे में पूछा गया तो उन्होंने उत्साह व्यक्त किया उन्होंने कहा- हां, हम इनमें से किसी एक या दोनों फिल्मों को बनाने को लेकर बहुत उत्साहित हैं, क्योंकि वे मजेदार होंगी। जॉन ने अक्षय के साथ अपने रिश्ते के बारे में कहा- मुझे नहीं लगता कि अन्य दो अभिनेताओं के बीच अक्षय और मेरे बीच जैसी केमिस्ट्री है। उन्होंने यह भी दावा किया कि अक्षय के साथ काम करना छुट्टी मनाने जैसा लगता है, वह एक अच्छे इंसान हैं, इसलिए हम अच्छा समय बिताएंगे।





कलेक्टर, कमिश्नर, ईओडब्ल्यू और पीडब्ल्यूडी मंत्री तक पहुंची शिकायत

# पर्सनल आईडी लॉगिन से आवंटन घटाकर करोड़ों का अनाज घोटाला

त्रिपुरी टाईम्स • जबलपुर
www.tripuritimes.com

गरीबों के लिए सस्ती दर का गेहूं-चावल सहित अन्य खाद्यान्न पब्लिक डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम के तहत सरकारी राशन दुकानों से वितरण में हुए करोड़ों के फर्जीवाड़ा शिकायत राजू सेन, गनेश गुप्ता, सुशील प्रजापति, कुंवर सिंह बेन सहित अन्य लोगों ने कलेक्टर, कमिश्नर, ईओडब्ल्यू और पीडब्ल्यूडी मंत्री से की है। शिकायत करने वालों का आरोप है कि कोरोना काल अवधि में पीडीएस शासकीय उचित मूल्य राशन की 60 से 70 दुकानों में खाद्य विभाग के अधिकारियों ने अपनी पर्सनल आईडी लॉगिन से गेहूं, चावल, केरोसिन, चना दाल, मूंगदाल का हजारों क्विंटल का स्टॉक आवंटन घटाकर करोड़ों रूपयों का गबन किया गया है। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा 1 हजार रुपए प्रति क्विंटल लेकर मप्र सरकारी पोर्टल से छेड़छाड़ कते हुए करोड़ों का बंदरबांट किया गया है।



## इन दुकानों पर घोटाला के लगे आरोप


मां शारदा देवी महिला, दुकान क्रमांक 3316333 विक्रेता नाजिया बेगम गढ़ा, पूजा प्रा.कंपनी 3316331 विक्रेता गुंजनदेवी, नव शक्ति महिला उप.सह.दुकान क्रमांक 3316332 विक्रेता नीता तिवारी गढ़ा, शिवशक्ति उप. 3316345 विक्रेता गीता राजपूत, नर्मदेश्वर उप.सह.भं.दु.क्र. 3316395 विक्रेता नीता तिवारी ग्वारीघाट, सिटी प्रा.उप.सह. 3316162 विक्रेता इमरान मंसूरी कोतवाली, नर्मदा उप. सह. 3316392 विक्रेता अमरनाथ ग्वारीघाट, ग्वारीघाट उप.सह. 3316393 विक्रेता ऋषि अवस्थी ग्वारीघाट, अमर उप.सह 3316326 विक्रेता आकाश बैरागी की राशन दुकान से फर्जीवाड़ा होने के आरोप लगाए गए हैं।

## आधार से लिंक किए जा रहे हितग्राही

कोरोना काल अवधि के बाद से हितग्राहियों को आधार से लिंक किया जा रहा है। मशीन में फिंगर मैच कराए जा रहे हैं, यदि फिंगर मैच नहीं करता है तो वह बाहर हो जाएगा। मूल हितग्राही का सत्यापन किया जा रहा है। शुरु आत में सत्यापन मौखिक जानकारी लेकर किया गया था। आईडी में दूसरे के आधार नंबर अपलोड किए गए। इसे रोकने के लिए अब फिंगर से सत्यापन किया जा रहा है। दुकान पर राशन लेने आने वाले हितग्राही का आधार लिंक करने के लिए अंगूठा लगाया जा रहा है। जो दुकान पर नहीं आ रहे हैं, उनके घर दुकानदार अंगूठा लगाने के लिए भी पहुंच रहे हैं।

## ऐसे सामने आया फर्जीवाड़ा

कोरोनाकाल अवधि वर्ष 2022 जुलाई, अगस्त, सितम्बर, अक्टूबर माह में पीडीएस शासकीय उचित मूल्य राशन की 60 से 70 दुकानों से खाद्य अधिकारियों ने अपनी पर्सनल आईडी लॉगिन से गेहूं, चांवल, केरोसीन, चनादाल, मूंगदाल का वितरण किया गया। शिकायत के बाद अनाज घोटाला खाद्य अधिकारियों के गले की फांस बन गया। जांच की भनक लगते ही कार्रवाई से बचने के लिए खाद्य सामग्री का स्टॉक आवंटन दिसम्बर 2024 में अधिकारियों द्वारा पुनः शासकीय उचित मूल्य की दुकानों में वापस चढ़ा दिया गया। शिकायतकर्ताओं ने बताया कि उक्त मामले की अनेकों बार वरिष्ठ अधिकारियों से शिकायत करने के बाद भी जांच के नाम पर सिर्फ हीला हवाली और लीपापोती की जा रही है।



# सिद्ध नगर की पहाड़ी पर लगी आग:रिहायशी इलाके की तरफ बढ़ी लपटें, दमकल कर्मियों ने पाया काबू

त्रिपुरी टाईम्स • जबलपुर
www.tripuritimes.com

गर्मी का मौसम शुरू होते ही वन क्षेत्रों में आग की घटनाएं बढ़ने लगी हैं। ताजा मामला मेडिकल के पास स्थित सिद्ध नगर का है, जहां बीती रात पहाड़ी पर स्थित वन क्षेत्र में आग लग गई। आग धीरे-धीरे पहाड़ी पर बसी बस्ती की ओर बढ़ने लगी, जिससे स्थानीय लोगों में दहशत फैल गई। जैसे ही उन्होंने देखा कि आग का दायरा उनके घरों की तरफ बढ़ रहा है, उन्होंने तुरंत दमकल विभाग को सूचना दी।

सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाने का अभियान शुरू किया। पहाड़ी क्षेत्र में पहुंचकर आग पर काबू पाना दमकल कर्मियों के लिए चुनौतीपूर्ण था, लेकिन उनकी मुस्तैदी के चलते दमकल वाहन की सिर्फ एक ट्रिप में ही आग बुझा दी गई। दमकल कर्मी शुभम चक्रवर्ती ने बताया कि यदि समय रहते कार्रवाई न की जाती, तो आग आसपास के घरों तक पहुंच सकती थी और बड़ा हादसा हो सकता था। फिलहाल, आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है।

# आईपीएल सट्टा का सेंट्रल प्वाइंट बने भेड़ाघाट, बरगी, पाटन-बरेला



त्रिपुरी टाईम्स • जबलपुर
www.tripuritimes.com

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में करोड़ों का दांव लगाने के लिए सटोरिए भी साल भर इंतजार करते हैं। 22 मार्च से शुरू हुआ आईपीएल क्रिकेट सीजन-18 को लेकर क्रिकेट प्रेमियों में इस बार भारी उत्साह है। सटोरियों के बीच चर्चा है कि शहर में पुलिस की सख्ती एवं सर्चिंग से परेशान कुख्यात सटोरिए बरगी, बरेला, पाटन और भेड़ाघाट क्षेत्र को सुरक्षित मानकर पूरा कार्य वहीं से संचालित कर रहे हैं। सटोरियों का एक सिंडीकेट और उनके गुर्गे फार्महाउस, चाय-नाश्ता टपरे, किराना दुकान, मोबाईल वेन एवं खाली पड़े मकानों से हाईटेक सट्टा खिला रहे हैं। चर्चा यह भी है कि सट्टे का कलेक्शन एवं पेमेंट भी वहीं से हो रहा है। पुलिस को या तो इन सटोरियों की खबर नहीं है या फिर अंजान बनी हुई है। शहर में पुलिस की धसक के चलते ही सटोरियों ने देहात क्षेत्रों में अपना ठीहा स्थापित किया है। क्राइम ब्रांच की टीम शहरी इलाकों में मुखबिरों को अलर्ट कर संदिग्ध स्थानों में नजरें गड़ाए हुए है। आईपीएल के पूरे सीजन में सट्टा बाजार में 150 से 200 करोड़ से अधिक का कारोबार होने की संभावना रहती है। जुआ-सट्टा के धंधे में लिप्त नामचीन सटोरियों की रैकी भी द्वारा सिर्फ शहर में की जा रही है। देहात क्षेत्र में सेटिंग की दम पर आसानी से सट्टा संचालित होने के भरोसे पर सटोरिए सक्रिय हैं। मोबाइल एवं व्हाटसएप पर सट्टा की पट्टी लेने वाले मैच खत्म होते ही व्हाटसएप डिलीट कर सिम बदल देते हैं,ताकि कार्रवाई दौरान कोई लिखित सबूत पुलिस को न मिल सके। सिंटीकेट बनाकर ग्रामीण क्षेत्रों में बैठे सटोरिए जबलपुर के साथ कटनी, दमोह, मंडला, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, सिवनी, दमोह, शहडोल, अनूपपुर से ऑनलाइन आईपीएल की खाईबाजी कर रहे हैं।

## ऐसे हो रहा ऑनलाइन सट्टा

कंप्यूटर व लैपटॉप पर ई-डॉक्यूमेंट्स में एजेंट के नाम व राशि कोडवर्ड में दी जाती है! सट्टेबाजों के तार सीधे मुम्बई, कोलकाता और दुबई से ऑनलाइन जुड़े रहते हैं। यह पूरा सट्टा एक एप के जरिए खेला जाता है, इसे गूगल प्ले स्टोर में जाकर सीधे डाउनलोड नहीं किया जा सकता। दांव लगाने वाले की पहचान और भरोसा कायम होने के बाद सटोरिये उसे एक लिंक भेजते हैं, जिसके जरिए वह एप को डाउनलोड कर सट्टा खिलाता है।

# पुलिस वाले कर रहे गुंडागर्दी

### घर में घुसकर की तोड़फोड़, महिला से की अभद्रता

त्रिपुरी टाईम्स • जबलपुर
www.tripuritimes.com



जबलपुर के पनागर थाना अंतर्गत स्वाति कुशवाहा ने बुधवार को पुलिस अधीक्षक को शिकायत देते हुए बताया कि विगत रात पनागर थाने में पदस्थ मोनू करारे और कुलदीप साहू मेरे घर जबरदस्ती आए गुंडागर्दी करने लगे। मेरे साथ अश्लीलता की, पूरे घर में तोड़फोड़ की। इनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए।

# चोरी गए मोबाइल पाकर खिले चेहरे

त्रिपुरी टाईम्स • जबलपुर
www.tripuritimes.com

जबलपुर में सीएसपी कोतवाली रितेश कुमार शिव नेबताया कि विगत 6 माह में चोरी हुए मोबाइल की जांच पुलिस विभाग और साइबर टीम कर रही थी। कई मोबाइल चोरों को पकड़ा है। बुधवार को 11 मोबाइल हमने उनके ऑनर को वापस किये है। मोबाइल प्रकार सभी की चेहरे खिल उठे।

# प्रेम प्रसंग व कर्ज के कारण गणेश ने किया था सुसाइड

त्रिपुरी टाईम्स • जबलपुर
www.tripuritimes.com

पनागर क्षेत्र के ग्राम बम्होरी में गणेश तिवारी द्वारा जहर पीकर आत्महत्या करने के बाद गर्माई ग्रामीण की राजनीति पुलिस जांच के बाद ठंडी पड़ गई। बेटे गणेश की मौत के बाद पिता ने आरोप लगाए कि गांधीग्राम समिति के अध्यक्ष, भारतीय जनता युवा मोर्चा ग्रामीण जिला अध्यक्ष राजमणि सिंह बघेल, खरीदी प्रभारी प्रिंस उपाध्याय, अर्णवी वेयर हाउस के मालिक आशु सोनी की प्रताड़ना से परेशान होकर बेटे ने आत्महत्या जैसा कदम उठाया है। गणेश तिवारी द्वारा की गई आत्महत्या के मामले ने चंद घंटे में पॉलिटिकल रंग पकड़ लिया और इधर-उधर से अनेक गुट बेवजह सक्रिय हो गए। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने सुसाइड कांड की



विस्तृत जांच-पड़ताल में पाया कि गणेश तिवारी द्वारा शेयर मार्केट में लगाई गई रकम में घाटा लगना, कर्ज बढना और एक लड़की से प्रेम प्रसंग सहित अन्य कारण से परेशान होकर उसने आत्मघाती कदम उठाया है। गणेश ने कई व्यापारियों से कर्ज के तौर पर रकम उधार ले रखी थी, जो उसकी परेशानी का सबब बन गया। पनागर पुलिस की जांच रिपोर्ट में राजमणि सिंह बघेल सहित अन्य लोगों का नाम किसी भी तरह की प्रताड़ना में सामने नहीं आया है। गणेश तिवारी सुसाइड कांड मामले में राजमणि बघेल का कहना है कि मृतक गणेश सहित उनके सूंपर्ण परिवार के लिए संवेदनाएं हैं और आगे भी रहेंगी। गणेश आत्महत्या मामले में मेरी राजनीतिक छवि को धूमिल करने का प्रयास, राजनीतिक विरोधियों के द्वारा किया गया था। षणयंत्र की जानकारी लगने पर मैने पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय से मिलकर संपूर्ण मामले की पूरी निष्पक्ष जांच कराने आवेदन दिया था। जांच में मेरे द्वारा पूरा सहयोग देने का भरोसा दिया था। पुलिस के द्वारा सारे पहलुओं पर पूरी निष्पक्षता के साथ जांच की गई और आज सच सबके सामने है।


विज्ञापन एवं एजेंसी के लिए संपर्क करें
सिटी ऑफिस- त्रिपुरी भवन, जेडीए योजना क्रं. 18, ब्लाक नं. 9 मेजेनाइन फ्लोर, सिविक सेंटर, जबलपुर।
फोन : 0761-4085321

श्री शुभम् हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेंटर
मल्टी स्पेशियेलिटी हॉस्पिटल
24 घंटे
आकस्मिक चिकित्सा
सभी विभागों में भर्ती
एम्बुलेंस तथा दवाईयां
पैथोलॉजी तथा एक्सरे
मेडिसिन एवं हृदय रोग
जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जरी
आस्थित रोग, नाक-कान-गला
स्त्री एवं प्रस्तुति रोग
बाल रोग, न्यूरो तथा स्पाइन
कैंसर, मूत्र रोग विभाग
•पॉईजनिंग •बर्न यूनिट •हॉर्ट अटैक •एक्सीडेंट एवं ट्रॉमा यूनिट
मध्यप्रदेश भवन एवं अन्य सनिर्माण कर्मकार मण्डल के हितग्राहियों हेतु निःशुल्क उपचार की सुविधा उपलब्ध
5 May श्री शुभम् हॉस्पिटल
मदन महल चौक, दशमेश द्वार के पास, नागपुर रोड, जबलपुर
फोन : 0761-4051253, 9329486447

प्रदेश का अग्रणी संस्थान SINCE 1996
ACST Tally PYTHON JAVA C, C++ CPCT
नए बैच प्रारम्भ 40% छूट
चौपाटी के पास, सिविक सेंटर, जबलपुर मो: 4007077, 9993030707

JICS
माखनलाल चतुर्वेदी रा.प.एवं संचार विश्वविद्यालय से संबद्ध
प्रवेश प्रारंभ
M.Sc PG DCA DCA B.Com BCA TALLY
जबलपुर इंस्टीट्यूट ऑफ कम्प्यूटर साइंस
अधारताल भारत गैस के बाजू में मेन रोड जबलपुर
PH.:0761-4066631 Mo.:9827200559, 9893322108

Estd. 2004
यश नर्सरी हा. से. स्कूल
बस एंव हॉस्टल सुविधा उपलब्ध
बोर्ड कक्षाओं में सर्वश्रेष्ठ परिणाम के लगातार 15 वर्ष
9वीं /11 वीं फेल/ पास विद्यार्थी सीधे 10वीं/12 वीं फार्म भरें
10th/12th में परसेन्ट बढ़ाने CBSC/ICSE से MP BOARD में एडमीशन पर स्पेशल डिस्काउंट
English & Hindi Medium
नोटः- हमारे प्रयास से श्रेष्ठ बच्चों के साथ-साथ कमजोर बच्चे भी बेहतर रिजल्ट लाकर दिखाते हैं, इसलिए हम देते हैं बोर्ड परीक्षाओं में शत् प्रतिशत 100% रिजल्ट
गुलाब टावर के सामने, साक्षी बाइक प्वाइंट के बाजू में मानसरोवर कालोनी, अधारताल, जबलपुर
सम्पर्क:- 9303580611, 6263988587,7987974850, 0761-2680811 (समय- सुबह: 8 से शाम:4 तक)


पिछले कई दिनों से पाइप लाइन चोक होने की मिल रही थी शिकायत

# पाइप लाइन में मरा हुआ बंदर मिलने से मचा हड़कंप





त्रिपुरी टाईम्स • जबलपुर
www.tripuritimes.com

भोंगाद्वार वाटर फिल्टर प्लांट की पाइप लाइन में मरा हुआ बंदर मिलने से हड़कंप मचा गया। पाइप लाइन से बंदर निकलने की बात कुछ ही देर में पूरे क्षेत्र में फैल गई, जिसके बाद नगर निगम के खिलाफ लोगों का आक्रोश पनप रहा है। उनका कहना है कि इतने दिनों से प्लांट से जुड़े हुए वार्डों की जनता को दूषित पानी सप्लाई किया जा रहा है, जिससे कई लोग बीमार भी हुए होंगे।

## चोक चेक करते वक्त मिला

क्षेत्र में रहने वाले पवन कन्नौजिया ने बताया कि भोंगाद्वार, कजरवारा और गोराबाजार में पिछले कई दिनों से पानी निर्धारित समय पर तो आ रहा था लेकिन कम पानी आ रहा था। कई बार शिकायतें मिलने के बाद नगर निगम जल विभाग ने जब पाइप लाइन चैक कराई और पाइप लाइन को काटा तो उसके अंदर से बहता हुआ मरा हुआ एक बंदर निकला जो कि बुरी तरह सड़ गल चुका था। बंदर मिलने की बात के फैलते ही लोगों को इस बात का डर सता रहा है कि वे इतने दिनों से उसी लाइन का पानी पी रहे थे, ऐसे में कहीं उनके स्वास्थ्य पर विपरीत असर न पड़े।

## अधिकांश क्षेत्रों में गंदा-बदबूदार पानी

बता दें कि आए दिन शहर के अन्य कई क्षेत्रों में गंदा और बदबूदार पानी आने की शिकायतें सामने आती रहती हैं। पिछले दिनों धनवंतरी नगर क्षेत्र में भी गंदा और मटमैला पानी को लेकर बवाल मचा था। शिकायतों के बाद भी जब समाधान नहीं हुआ तो नगर निगम मुख्यालय में अधिकारी और पार्षद के बीच भारी बवाल भी मचा था लेकिन ऐसी घटनाओं के बाद भी पाइप लाइनों को दुरुस्त नहीं किया जा रहा है।

--------------------------------

भोंगाद्वार के पास डिस्ट्रीब्यूशन लाइन के चोक होने की शिकायत आई थी, जिसे चेक कराया गया है लेकिन उस लाइन से बंदर मिलने जैसी कोई बात मेरे सामने नहीं आई है।

**कमलेश श्रीवास्तव,**
**कार्यपालन यंत्री, नगर निगम**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक डॉ. राजेश जायसवाल के लिए, एन.एम. पब्लिकेशन प्रा. लि., उखरी चौक, एम.आर.-4 रोड, जबलपुर (म.प्र.) से मुद्रित और कल्चुरी भवन हाउस नं. 3367/1, विवेक नगर, आधारताल, जबलपुर (म.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक : डॉ.राजेश जायसवाल* सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जबलपुर रहेगा *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के जिम्मेदार। आरएनआई नं. MPHIN/2014/60079 मो. 9425154229, फोन-0761-4085321 e-mail: tripuritimes@gmail.com